रोहतक
शनिवार 7 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 275
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 32.5°C
न्यून. 13.8°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 बैडमिंटन : युवा ओलंपिक : 15 साल की तन्वी ने जीती चांदी



सोना-चांदी सस्ता खूब हुई खरीदारी

नई दिल्ली। धनतेरस पर शुक्रवार को सोना-चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट है। लोगों ने जमकर खरीदारी की। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 3,106 रुपये घटकर करीब 1.41 लाख रुपये पर आ गए हैं। एक किलो चांदी 5,437 रुपये सस्ती होकर 1.81 लाख रुपये पर आ गई है। इससे एक दिन पहले सोना 1.44 लाख और चांदी 1.87 लाख रुपये पर थी। चांदी इस साल 49 हजार रुपये सस्ती हुई है।

लगातार होता रहा उतार चढ़ाव

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 10,934 रुपये महंगा हुआ है। वहीं, चांदी 47,552 रुपये सस्ती हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपये था, जो अब 1.41 लाख रुपये पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपये किलो थी, जो 1.83 लाख रुपये हो गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपये और चांदी ने 3.86 लाख रुपये का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

धनतेरस पर धन की वर्षा : प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों, पेंशनर्स, योजना के लाभार्थियों को दी सौगातें

कर्मियों का महंगाई भत्ता 3 फीसदी बढ़ा

63% हुआ भत्ता, एक जुलाई से लागू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में 3% की बढ़ोतरी की है। वित्त विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी सुधीर राजपाल पत्र जारी कर ये आदेश दिए। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एक जुलाई 2026 से लागू माना जाएगा। इसका लाभ सातवें वेतन आयोग के तहत वेतन और पेंशन लेने वाले कर्मचारियों, पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स को मिलेगा। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता नवंबर की सैलरी के साथ मिलेगा, जबकि पेंशनर्स को दिसंबर में मिलने वाली पेंशन में इसका लाभ दिया जाएगा। जुलाई से अक्टूबर तक के चार महीने का एरियर जनवरी 2027 में दिया जाएगा। प्रदेश के 5.38 लाख कर्मचारी और पेंशनर्स इसके दायरे में आते हैं।

एरियर जनवरी में मिलेगा

बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2026 से लागू माना जाएगा। ऐसे में कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2026 का चार महीने का बकाया डीए मिलेगा। इसका भुगतान जनवरी 2027 में एकमुश्त किया जाएगा। वहीं, नवंबर 2026 की सैलरी में बढ़ी हुई दर के हिसाब से महंगाई भत्ता मिलेगा। पेंशनर्स को बढ़ी हुई महंगाई राहत (डीआर) दिसंबर 2026 में मिलने वाली पेंशन के साथ दी जाएगी। सरकार की घोषणा से कर्मचारियों और पेंशनर्स में खुशी की लहर दौड़ गई है।

डीए और डीआर में क्या है अंतर

डीए : महंगाई के असर को कम करने के लिए सेवारत सरकारी कर्मचारियों को उनके मूल वेतन के आधार पर दिया जाने वाला भत्ता है।

डीआर : महंगाई से राहत देने के लिए पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स को उनकी मूल पेंशन के आधार पर दी जाने वाली राशि है।

ग्रामीण चौकीदारों को अब 15000 मानदेय

वर्दी और साइकिल के लिए मिलेंगे 5000



सरकार ने ग्रामीण चौकीदारों का मानदेय बढ़ा दिया है। अब उन्हें हर महीने 11 हजार की बजाए 15 हजार 200 रुपये मिलेंगे। इसके साथ ही हर साल मिलने वाला वर्दी भत्ता 4 की बजाए 5 हजार होगा। लाठी, बैटरी और छाते के लिए एक हजार के बजाए डेढ़ हजार रुपये सालाना मिलेंगे। साइकिल भत्ता 3500 से बढ़ाकर 5 हजार कर दिया गया है। ये तीन साल में एक बार मिलता है। पंचकूला में हुए सम्मान समारोह में सीएम नायब सैनी ने ये घोषणाएं कीं।

ईएसआई का लाभ भी मिलेगा

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण चौकीदारों के हित में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए घोषणा की कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार अब जल-कर्मियों और सफाई-कर्मियों की तर्ज पर ग्रामीण चौकीदारों को ईएसआई यानी कर्मचारी राज्य बीमा का लाभ मिलेगा। इससे बीमारी के समय उन्हें और उनके परिवारों को इलाज की सुविधा मिलेगी। दुर्घटना या दिव्यांगता की स्थिति में भी सहारा मिलेगा। इसके साथ ही, अब हर चौकीदार हरियाणा श्रम कल्याण कोष के दायरे में भी आएगा।

बुढ़ापा, विधवा पेंशन के पैसे खातों में आए

लाडो लक्ष्मी की 13वीं किस्त भी जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में 52 लाख लोगों के खातों में धनतेरस के दिन पैसा आया है। सरकार ने कुल 4470 करोड़ 77 लाख रुपये जारी किए। ये रकम प्रदेश सरकार की अलग-अलग 21 सामाजिक योजनाओं की है। इनमें बुढ़ापा-विधवा व बेसहारा पेंशन शामिल है। इसके अलावा लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 10 लाख 59 हजार महिलाओं के खाते में पैसे गए हैं। योजना में महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये मिलते हैं। सीएम नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास से योजनाओं की ये राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की। हर महीने इन योजनाओं का पैसा 10 तारीख को मिलता है, जबकि इस बार 4 दिन पहले ही खातों में ट्रांसफर किया गया।

गांव-शहरों के विकास के लिए बजट

गांवों के विकास के लिए राज्य वित्त आयोग से 22 जिला परिषदों, 143 पंचायत समितियों और 6,230 ग्राम पंचायतों को 1,158 करोड़ रुपये जारी। शहरों के विकास के लिए नगरपालिकाओं को 1,727.80 करोड़ रुपये दिए।

'हर घर-हर गृहिणी' के पैसे आए

मुख्यमंत्री ने 'हर घर-हर गृहिणी' योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफिल करवाने वाली 6 लाख 5 हजार बहनों के बैंक खातों में सितम्बर माह की 24 करोड़ 25 लाख रुपये की सब्सिडी भी जारी की। इस योजना में पात्र महिलाओं को हर महीने 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। आज जारी की गई राशि को मिलाकर, अब तक 14 लाख 66 हजार पात्र बहनों के बैंक खातों में कुल 404 करोड़ 46 लाख रुपये की राशि डाली जा चुकी है। वहीं, 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना की 13वीं किस्त जारी की है। इस योजना के तहत 10 लाख 59 हजार लाभार्थी बहन-बेटियों के खातों में 222 करोड़ 52 लाख रुपये की राशि डाली गई है। इसे मिलाकर अब तक 13 किस्तों में 2 हजार 689 करोड़ 15 लाख की राशि जारी हो चुकी है।

प्रदूषण में पराली की हिस्सेदारी केवल 14%, बाकी वाहन ही दूषित कर रहे हवा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पाबंदियों से कुछ नहीं होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण रोकने के लिए वह जितने ज्यादा आदेश और पाबंदियां लगाएगा, उनका उल्लंघन उतना ही बढ़ेगा। कोर्ट ने सवाल उठाया कि क्या सिर्फ सख्त नियम बनाने से प्रदूषण की समस्या हल हो सकती है? बेंच ने प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने और उनके व्यवहार में बदलाव लाने की जरूरत बताई। मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने की। कोर्ट दिवाली की छुट्टियों के बाद 16 नवंबर को मामले की अगली सुनवाई करेगा। सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हमें उम्मीद है कि

जितने आदेश देंगे उतना ही उल्लंघन होगा, व्यवहार बदलना जरूरी



आप लोग मौसम का आनंद ले रहे होंगे। इसपर सीनियर वकील अपराजिता सिंह ने कहा, हम लोग विकट परिस्थिति से जूझ रहे हैं। हमारी आवाज चली जा रही है। ऐसा लगता है कि हम लोग रोज 30 सिगरेट पी रहे हैं। सीजेआई ने कहा, बारिश की वजह से सिगरेट की संख्या कुछ कम हो गई है। वकील ने कहा, 5 नवंबर को प्रदूषण की 14 फीसदी वजह पराली जलना था।

कहां कितना प्रदूषण

शहर	एक्यूआई
पानीपत	382
रोहतक	307
रेवाड़ी	441
सोनीपत	279
बहादुरगढ़	332
गुरुग्राम	363
फरीदाबाद	382
नारनौल	208

दिल्ली-एनसीआर में औसत एक्यूआई 391


दिल्ली में शुक्रवार को चारों तरफ धुंध छाई रही। प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ा और शहर का औसत एक्यूआई 391 दर्ज किया गया। दिल्ली के 59 निगरानी केंद्रों में से 30 पर शुक्रवार सुबह 9 बजे एक्यूआई 400 के पार यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया था। बाकी केंद्रों पर भी हवा की हालत बहुत खराब थी। रोहिणी में सबसे ज्यादा एक्यूआई 475 दर्ज किया गया।

ग्रैप-3 लागू

कंस्ट्रक्शन तोड़फोड़ पर लगी पाबंदियां

दिवाली से पहले हवा की गुणवत्ता खराब होने पर दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 लागू किया गया है। यानी नया कंस्ट्रक्शन, तोड़फोड़, खुदाई, प्लास्टर, टाइल्स का काम, ये सब बंद रहेगा। बीएस-4 या उससे नीचे के मानक वाले डीजल वाहन और बीएस-3 या उससे नीचे के मानक वाले पेट्रोल वाहन नहीं चल सकेंगे। साथ ही पांचवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों में हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन और ऑफलाइन) में पढ़ाई होगी। ये पाबंदियां नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोनीपत में भी लागू होंगी। दफ्तरों में सिर्फ 50 प्रतिशत स्टाफ को ही फिजिकली आने की अनुमति होगी। बाकी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी गई है।

अमिताभ का बंगला उड़ाने की धमकी



15 दिन में दूसरा ईमेल

स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे हाईकोर्ट में भी ब्लास्ट की बात लिखी

मुंबई। अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। इसके बाद मुंबई में सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया है। ईमेल में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई), वर्ली रेसकोर्स और बॉम्बे हाईकोर्ट को भी उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल मिलने के बाद मुंबई पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इससे पहले 23 अक्टूबर को मुंबई की मेयर रितु तावड़े को एक धमकी भरा ई-मेल आया था। इसमें भी बच्चन के बंगले को बम से उड़ाने की बात लिखी गई थी। 23 अक्टूबर को मुंबई मेयर को भेजे ईमेल में अमिताभ बच्चन और सिंगर दिलजीत दोसांझ जान से मारने की धमकी दी गई थी। कहा गया था- 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच कभी भी बंगले को निशाना बनाया जा सकता है।

मोहम्मद समी ने टेस्ट से लिया संन्यास

नई दिल्ली (एजेंसी)। तेज गेंदबाज मोहम्मद समी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर जानकारी दी। 13 साल पहले इसी तारीख को उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने 64 मैचों में 229 विकेट लिए। वे वनडे और टी 20 खेलते रहेंगे।

...द बर्निंग ट्रेन

पंजाब : यात्रियों से भरी चलती ट्रेन में आग लगी, 4 डिब्बे जले



लुधियाना। पंजाब में शुक्रवार दोपहर चलती कर्मभूमि एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई। आग इंजन के साथ लगे जनरल डिब्बे में भड़की और देखते ही देखते ट्रेन के 4 जनरल कोच इसकी चपेट में आ गए। आग की चपेट में आए डिब्बों में यात्री सवार थे। इससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। इस दौरान कई यात्रियों ने ट्रेन से छलांग भी लगा दी। घटना फतेहगढ़ साहिब के साधूगढ़ और पटियाला के सराय बंजारा रेलवे स्टेशन के बीच हुई। ट्रेन में लगभग 1,500 यात्री सवार थे।

आयोग ने तारीख बढ़ाई

हरियाणा में एसआईआर में छूटे मतदाता जुड़वा सकेंगे नाम

नई दिल्ली। चुनाव आयोग (ईसी) ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान छूटे मतदाताओं को नाम जुड़वाने एक और मौका देने का फैसला किया। यह मौका उन मतदाताओं को मिलेगा, जिन्हें एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और डुप्लिकेट के तौर पर रखा गया था। इन मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म जारी हुए थे, लेकिन वापस नहीं मिले। इसके चलते स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान उनका नाम ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल्स में शामिल नहीं हो सका। आयोग के निर्देश दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और नागालैंड पर लागू होंगे।

दिल्ली, महाराष्ट्र समेत 7 राज्यों में लागू होंगे निर्देश

20 मिनट तक गोलीबारी

पटना : एनकाउंटर में 3 शूटर ढेर, सुपारी लेकर करते थे मर्डर

पटना। पटना में शुक्रवार को पुलिस ने 3 अपराधियों का एनकाउंटर कर दिया। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया, सुबह करीब 4.30 बजे हुई मुठभेड़ में अपराधियों ने पुलिस पर 24 राउंड फायरिंग की। करीब 20 मिनट तक दोनों ओर से गोलीबारी हुई। जवाब में पुलिस की ओर से 18 राउंड गोलियां चलाई गईं। फायरिंग में राजा शर्मा, बबलू कुमार यादव और जेपी यादव घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने से पहले तीनों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, तीनों पेशेवर शूटर थे और सुपारी लेकर मर्डर करते थे।

परिजनों का हंगामा तोड़फोड़, एम्स में पोस्टमॉर्टम



हाईकोर्ट का सरकार को निर्देश, सुधार का मौका मिले

छोटी गलती पर भर्ती से बाहर नहीं होंगे अभ्यर्थी

दस्तावेज जांच में कम से कम सात दिन का समय देना होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सरकारी भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा पास करने और कटऑफ से अधिक अंक पाने के बावजूद ऑनलाइन आवेदन की छोटी गलती, गलत दस्तावेज अपलोड होने या प्रमाणपत्र में तकनीकी कमी के आधार पर अभ्यर्थियों को चयन से बाहर करना उचित नहीं है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि भर्ती का उद्देश्य योग्य उम्मीदवारों का चयन करना है, न कि आवेदन या दस्तावेज अपलोड करने में हुई मानवीय गलतियों के लिए उन्हें बाहर करना। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की एकल पीठ ने प्रदीप सहित 145 याचिकाओं का एक साथ निपटारा करते हुए यह व्यवस्था दी। याचिकाएं हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) और हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की विभिन्न भर्तियों से जुड़ी थीं।

गलती से पुराना प्रमाणपत्र हो गया था अपलोड



मुख्य मामला प्राथमिक शिक्षक (पीआरटी), मेवात संवर्ग की भर्ती का था। याचिकाकर्ता प्रदीप ने आवेदन में पिछड़ा वर्ग-बी के नए प्रमाणपत्र की जारी होने की तारीख और संदर्भ संख्या सही दर्ज की थी, लेकिन साइबर कैफे संचालक की गलती से पुराना प्रमाणपत्र अपलोड हो गया। उन्हें 72.2 अंक मिले थे, जबकि संबंधित श्रेणी की कटऑफ 70.30 अंक थी। इसके बावजूद उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया गया।

डिजिटल व्यवस्था में कमियां

अदालत ने कहा कि बड़ी संख्या में अभ्यर्थी साइबर कैफे और साझा सेवा केंद्रों के माध्यम से आवेदन करते हैं। डिजिटल व्यवस्था की कमियों या तकनीकी गलतियों का पूरा खामियाजा उम्मीदवारों को नहीं भुगतना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के तहत समान अवसर सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि आवेदन की अंतिम तारीख के बाद आवेदन और अपलोड किए दस्तावेजों में सुधार का पर्याप्त समय मिले। दस्तावेज जांच में कमी पाए जाने पर अस्थायी अस्वीकृति का नोटिस देकर कम से कम सात दिन दिए जाएं। प्रमाणपत्र अपलोड न होने पर, आवेदन में प्रमाणपत्र संख्या या परिवार पहचान संख्या दी गई हो तो सरल पोर्टल से सत्यापन किया जाए।

कांग्रेस नेता बहस करना चाहते हैं तो हरियाणा में मंच देने को तैयार : मुख्यमंत्री

राहुल की झूठ बोलकर भागने की आदत नहीं चलेगी : नायब

■ आरोप लगाने के बजाय चुनाव आयोग या अदालत में जाए कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की डिबेट की चुनौती पर पलटवार करते हुए उन्हें हरियाणा में बहस करने का न्योता दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बहस करना चाहते हैं तो हरियाणा में उन्हें जगह उपलब्ध करवा दी जाएगी। यहां भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष उनसे सवाल करेंगे। हालांकि, झूठ बोलकर भागने की आदत नहीं चलेगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने के बजाय चुनाव आयोग या अदालत में जाने की सलाह भी दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खातों में राशि हस्तांतरित करने के बाद हरियाणा निवास में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास जनता के बीच जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए वह वोट चोरी के नाम पर लोकतंत्र और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रही है। यदि कांग्रेस को मतदाता सूची में किसी का नाम कटने या गलत दर्ज होने की शिकायत है तो चुनाव आयोग ने इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया बनाई है। मतदाता सूची सार्वजनिक की गई थी और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए एक महीने का समय भी दिया गया था। कांग्रेस को अपनी शिकायत मुख्य चुनाव आयुक्त के सामने रखनी चाहिए। अदालतों के दरवाजे भी खुले हैं। केवल घर बैठकर आरोप लगाने से कुछ नहीं होगा। इस मौके पर मंत्री व अधिकारी भी मौजूद रहे।

महिलाओं से किए वादे पूरे नहीं करने पर पंजाब सरकार को घेरा



मुख्यमंत्री ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर महिलाओं से किए गए वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंजाब में चुनाव के दौरान महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने का वादा किया गया था। पांच साल में यह राशि 50 हजार रुपये बनती है, लेकिन अब चुनाव नजदीक आने पर खातों में पैसे डालने की बात की जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि पांच साल तक महिलाओं को यह राशि क्यों नहीं दी गई। सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गरीब परिवारों की महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वादा पूरा करने की दिशा में कदम उठाया है। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है, उन्हें इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस के 100-100 गज के प्लॉट देने के वादे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के समय गरीबों को न तो प्लॉट के कागज मिले और न ही कब्जा। भाजपा सरकार ने पात्र लोगों को कागजात देने के साथ कब्जा भी दिलाया है।

कांग्रेस के शासन में छह-छह महीने नहीं मिलती थी पेंशन

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कांग्रेस के शासनकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि उस समय बुजुर्गों को छह-छह महीने तक पेंशन नहीं मिलती थी। पेंशन के लिए उन्हें सरकारी दफ्तरों और नेताओं के चक्कर काटने पड़ते थे। गरीबों को मिलने वाले 200 रुपये में से 150 रुपये कहां चले जाते थे, इसका पता नहीं चलता था और उनके हाथ में केवल 50 रुपये आते थे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योजनाओं का पूरा लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रहा है। प्रदेशवासी सरकार की योजनाओं को लेकर पूरी तरह खुश है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था को चुनौती देने वालों को जनता देगी जवाब : कैप्टन अभिमन्यु



रोहतक। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को चुनौती देने और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को जनता जवाब देगी। लोकतंत्र में सरकार बदलने का अधिकार केवल जनता के पास है और संविधान ने प्रत्येक पांच वर्ष में मतदान के माध्यम से सरकार चुनने की व्यवस्था दी है। शुक्रवार को सेक्टर-14 स्थित सिंधु भवन में आयोजित दीपावली मिलन समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने एसआईआर को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस 13 करोड़ वोट काटे जाने का दावा कर रही है तो उसे कम से कम 13 हजार ऐसे मतदाताओं के नाम सामने रखने चाहिए, जिनके वोट गलत तरीके से काटे गए हैं। यदि चुनाव आयोग में शिकायत का समाधान नहीं होता तो विपक्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को चुनौती देना उचित नहीं है। दीपावली के उल्लास के बीच आयोजित समारोह में प्रदेशभर से भाजपा नेता और कार्यकर्ता पहुंचे। इस दौरान कैप्टन अभिमन्यु ने कार्यकर्ताओं के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई और गले मिलकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

15 से आम जनता के लिए खुलेगा शहीद स्मारक

चंडीगढ़। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि आजादी की पहली लडाई का शहीद स्मारक का उद्घाटन देश के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा 5 नवंबरको कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी 15 से इस स्मारक को आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

पत्र संख्याः एम्-1-27/22/2019-संग्रहालय-1
भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

विषयः महानिदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाने के संबंध में।

राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक अधीनस्थ कार्यालय में महानिदेशक (Director General) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त पद वेतन बैंड-4 (₹37,400-67,000) तथा ₹10,000 के ग्रेड वेतन (छठे केंद्रीय वेतन आयोग के पूर्व-संशोधित वेतनमान) के अंतर्गत था, जिसे सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स (सारणी) के स्तर-14 (₹1,44,200-2,18,200) के रूप में संशोधित किया गया है। यह पद सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, गैर-मंत्रालयों श्रेणी का है। इस पद पर नियुक्ति पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के माध्यम से या संविदा के आधार पर की जाएगी। इस पद हेतु पात्रता की शर्तों, शैक्षणिक योग्यताओं एवं अनुभव, आवेदन-पत्र, भर्ती नियमों, आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट https://culture.gov.in तथा राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय की वेबसाइट www.ngmaindia.gov.in पर उपलब्ध है।

अवर सचिव
भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय

CBC-09110/11/0005/2627

दिल्ली विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF DELHI

विज्ञापन सं. R&P/323/2026 **दिनांक: 19.10.2026**

दिल्ली विश्वविद्यालय में वरिष्ठ सहायक एवं सहायक के पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित आवेदन प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 09.11.2026 अथवा रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से दो सप्ताह के भीतर, इनमें से जो भी बाद में हो, निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.du.ac.in** पर जाएँ तथा "Work with DU" शीर्षक के अंतर्गत "Advertisement - Departments" पर क्लिक करें।

किसी भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र को केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा।

कुलसचिव

CBC-21231/11/0018/2627

खबर संक्षेप

कृषि मंत्री राणा ने किया मंडियों का दौरा

चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नके नेतृत्व में हरियाणा सरकार किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि मंत्री शुक्रवार को महेंद्रगढ़ जिले की नांगल चौधरी, नारनौल और अटेली अनाज मंडियों के दौरे के दौरान लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को 24 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देती है। अगर इससे कम भाव में फसल मंडी में बिकती है तो सरकार भावांतर भरपाई योजना से उसकी भरपाई करती है और किसानों का दाना-दाना सरकार खरीद रही है।

दिवाली भाईचारे व शांति का त्योहार: डीजीपी

पंचकूला। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने दीपावली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि प्रकाश का यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली लेकर आए। संदेश में डीजीपी ने कहा कि दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का प्रतीक है। डीजीपी ने प्रदेशवासियों से ग्रीन एवं इको-फ्रेंडली दीपावली मनाने की अपील करते हुए कहा कि त्योहार की खुशियां पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाए।

प्रति कॉलोनी और बॉक्स पर मिलेगा 1250 का बीमा कवर

मधुमक्खी पालन बागवानी बीमा योजना में शामिल

■ प्रति कॉलोनी व बॉक्स देना होगा मात्र 50 रुपये प्रीमियम, 6 .25 लाख तक मिलेगा बीमा क्लेम

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने और उन्हें प्राकृतिक आपदाओं एवं विभिन्न जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। डबल इंजन सरकार बीज से लेकर बाजार तक हर कदम पर किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। इसी दिशा में मधुमक्खी पालकों को बड़ी राहत देते हुए मधुमक्खी पालन को मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अब मधुमक्खी पालकों को प्रति कॉलोनी और प्रति बॉक्स मात्र 50 रुपये प्रीमियम देना होगा, जिसके एवज में उन्हें प्रति कॉलोनी व बॉक्स 1,250 रुपये का बीमा कवर मिलेगा। इस योजना के तहत मधुमक्खी पालक अधिकतम 6 लाख 25 हजार रुपये तक का बीमा क्लेम प्राप्त कर सकेंगे। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

जैविक खेती के लिए कार्य योजना जल्द

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार प्रदेश में जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर खासी संजीदा है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अफसरों को प्राकृतिक खेती के लिए उपयुक्त कम से कम पांच फसलों की पहचान कर उनके उत्पादन, प्रोत्साहन एवं विपणन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस पहल के तहत हल्दी, लाल मिर्च और अदरक जैसी फसलों की संभावनाओं पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती ही भविष्य है।

आरटीआई की प्रथम अपीलों का हो तय समय में निपटारा

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत दायर प्रथम अपीलों का निर्धारित समय में निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों को अपीलों पर स्पष्ट एवं तर्कसंगत कारणों सहित आदेश पारित करने की भी हिदायत दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, प्रत्येक प्रथम अपील का निपटारा सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 19(6) के तहत निर्धारित समय-सीमा के भीतर करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, प्रथम अपील पर पारित हर आदेश में अपीलकर्ता द्वारा उठाए गए सभी प्रमुख बिंदुओं और आधारों पर विचार करते हुए स्पष्ट एवं तर्कसंगत कारण दर्ज किए जाएंगे। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि मांगी गई सूचना कानून के तहत प्रकट की जा सकती है, तो संबंधित राज्य जन सूचना अधिकारी (एसपीआईओ) बिना किसी अनावश्यक देरी के सूचना उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

दवाओं के 11 सैंपल घटिया मिले, 64 मामलों में केस

चंडीगढ़। प्रदेश में नकली और घटिया गुणवत्ता वाली दवाओं के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2026 तक प्रदेश में 2,389 दवाओं के सैंपल लिए गए। इनमें से 2,189 की जांच पूरी हो चुकी है, जिनमें 11 सैंपल सब-स्टैंडर्ड (तय गुणवत्ता से कम) पाए गए। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों और विक्रेताओं के खिलाफ 64 मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं, अदालत में चल रहे 15 मामलों का फैसला आया है। इनमें 8 मामलों में सजा हुई, जबकि 7 में आरोपी बरी हुए। फिलहाल 462 मामले अदालतों में लंबित हैं। एफडीए की टीम ने अप्रैल 2026 में करीब 70 लाख रुपए कीमत के नकली वजन घटाने और डायबिटीज नियंत्रित करने वाले मौनजारो इंजेक्शन जब्त किए थे। इसके बाद जुलाई में एफडीए गुरुग्राम की टीम ने बीपी की नकली दवा टेल्मा-एएम बनाने वालों को पकड़ा था।

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र (Corrigendum)

निविदा सूचना संख्या 04-SnT-PROJ-UMB-2026-27 (खुली निविदा) के संदर्भ में, जम्मू मंडल में 20,000 से अधिक एवं 50,000 से कम TVU वाले 12 (नॉन–इंटरलॉक्ड) समपार फाटकों के इंटरलॉकिंग संबंधी सिग्नल एवं दूरसंचार कार्य के लिए निम्नलिखित संशोधन अधिसूचित किए जाते हैं:

1. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24.11.2026 को 11:30 बजे से बढ़ाकर 26.11.2026 को 11:30 बजे कर दिया गया है।
2. बोली प्रारंभ करने की तिथि 10.11.2026 से संशोधित कर 12.11.2026 कर दी गई है।

निविदा की अन्य सभी शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगे।

नोट: विस्तृत जानकारी के लिए कृपया IREPS की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉगिन करें।

सूचना संख्या NIT-04-SnT-PROJ-UMB-2026-27 दिनांक: 03.11.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3891/26

हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
(Registered Office: - Shakti Bhawan, Sector-6, Panchkula
Corporate Identity Number: U40101HR1997SGC03368
O/o Executive Engineer, Transmission System Division, HVPNL, panipat
Website: www.hvpn.org.in Email: xentsnp@hvpn.org.in

हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

"सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का मकान 132/220 के. वी. बिजली की लाइनों, जो एच.वी.पी.एन.एल. के सोनीपत व पानीपत एरिया के अधीन हैं, के नीचे अथवा 132 के.वी. लाइन के 27 मीटर तथा 220 के.वी. लाइन के 35 मीटर के कॉरिडोर में बना हुआ है या कोई मकान बनाता है, वे सभी बिजली नियम 1956 की धारा 80 और 82 (1) के तहत अवैध हैं। यदि भविष्य में बिजली की इंडक्शन से कोई भी जान-माल की हानि होती है तो उसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे, विभाग की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।"

XEN TS Divn. HVPNL, Panipat
संवाद-1052/11/105/2027/50859/C/88/6 दि. 06.11.26

विद्यालय के कंडम सामान की नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड समालखा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुलकाना में जर्जर ड्यूल डेस्क फ्रेम्स की नीलामी की जानी है। जिसकी नीलामी खण्ड स्तरीय कमेटी द्वारा की जाएगी। विद्यालयों के जर्जर सामान की नीलामी सरकार के नियम व शर्तों के अनुसार की जाएगी।

Name of School and Venue: GMSSSS CHULKANA
Date of Auction:18/11/2026
Time of Auction:10:00 am
Minimum Reserve Price: 14250

इसके लिए धरोहर राशि ₹1500 रखी गई है जोकि नीलामी वाले दिन 9AM से 10AM तक विद्यालय कार्यालय में जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा करवाने के पश्चात ही नीलामी में भाग लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जर्जर सामान की नीलामी हेतु नियम एवं शर्त मौके पर ही बता दी जाएंगी।

हस्ता/-विद्यालय प्रबंधन समिति
राजकीय मॉडल संस्कृर्ति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुलकाना
मो: 7015057636

पीआरडीएच-1032/11/513/2027/50868/88/6 दि. 06.11.26

HP COTTON TEXTILE MILLS LTD

एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड
(CIN: L18101HR1981PLC012274)
पंजी. कार्यालय : 15वां कि.मी. स्टोन, दिल्ली रोड, गांव व डा. मयड़, हिसार-125044
Website: www.hpthreads.com E-mail: info@hpthreads.com
Tel: +91 11 41540471/72/73, Fax: +91 11 49073410

सूचना

फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन (डिमैट) हेतु स्पेशल विंडो

कृपया ध्यान दें कि सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11 (2) 2026-MIRSD-POD/I/ 3750/ 2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 ("सेबी सरकुलर") के अनुरूप फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन (डिमैट) हेतु एक स्पेशल विंडो 04 फरवरी 2027 तक खुली रहेगी।

यह सुविधा उन निवेशकों के लिए उपलब्ध है जो एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड ("दि कम्पनी") के फिजिकल शेयर 01 अप्रैल 2019 से पूर्व खरीद चुके थे, और :

(ए) हस्तांतरण के लिए शेयरों को दायर नहीं कर चुके थे : अथवा

(बी) हस्तांतरण के लिए शेयरों को दायर कर चुके थे, परन्तु ये दस्तावेजीकरण में कमियों की वजह से निरस्त कर दिये गये, लौटा दिये गये, अथवा ध्यान नहीं दिया गया।

स्पेशल विंडो की उपलब्धतता

01 अप्रैल 2019 से पूर्व निष्पादित डीड्स के हस्तांतरण के लिए इस विंडो की प्रासंगिकता के सम्बन्ध में स्पष्टता हेतु, निवेशक नीचे मैट्रिक्स देख सकते हैं :

01 अप्रैल 2019 से पूर्व हस्तांतरण हेतु दायर किये गये?	क्या निवेशक के पास मूल शेयर प्रमाण-पत्र उपलब्ध है?	क्या स्पेशल विंडो में दायर करने के लिए पात्र हैं?
नहीं, यह नया प्रस्तुतिकरण है	हाँ	हाँ (सेबी सरकुलर में वर्णित शर्तों के अधीन)
हाँ, परन्तु पूर्व में निरस्त कर दिया गया/लौटा दिया गया	हाँ	
हाँ, दायर किया गया था	नहीं	नहीं
नहीं, दायर नहीं किया गया था	नहीं	नहीं

कृपया ध्यान दें कि जिन आग्रह(हों) के साथ मूल शेयर सर्टिफिकेट(एस) के साथ-साथ हस्तांतरण डीड (एस) और अन्य समर्थित दस्तावेज होंगे स्पेशल विंडो के तहत केवल उन्हीं पर विचार किया जाएगा।

इस स्पेशल विंडो का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक निवेशक कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (यूनिट : एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड) जिसका पता अलंकित हाउस 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 में है, टेली.: +91-11-4254 1234; फैक्स : +91-11-4254 1201; ई-मेल : rta@alankit.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
शुभम जैन
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05 नवम्बर 2026

रेलयात्री कृपया ध्यान दें! महत्वपूर्ण सूचना

सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया गया है कि दिनांक **08.11.2026 (रविवार)** को **"दीपावली"** त्योहार के उपलक्ष्य में दिल्ली मंडल के आरक्षण कार्यालयों में कामकाज हेतु निम्नानुसार प्रबंध किए जायेंगे:

1. अग्रिम आरक्षण केंद्र (प्रथम पाली में खुले और द्वितीय पाली में बंद रहेंगे):

रविवार एवं दीपावली त्योहार होने के कारण, निम्नलिखित अग्रिम आरक्षण केंद्र प्रथम पाली (08:00 बजे से 14:00 बजे तक) में हर रोज की तरह अपने सामान्य समयानुसार कार्य करेंगे तथा द्वितीय पाली (14:00 बजे से 20:00 बजे तक) में बंद रहेंगे:

आनंद विहार टर्मिनल (पीआरएस), साहिबाबाद, गुरुग्राम, पालम, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल, टपरी, नरेला, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, जींद, रोहतक, मोदी नगर, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, मुज़फ़्फ़र नगर, ग्रेटर नोएडा, शकूर बस्ती, बहादुर गढ़, नांगलोई, शामली, देवबंद और पटौदी रोड।

2. वर्तमान आरक्षण कार्यालय (24x7):

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (पहाड़गंज एवं अजमेरी गेट की तरफ), दिल्ली जं., हज़रत निज़ामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली कैंट और मेरठ सिटी रेलवे स्टेशनों पर स्थित वर्तमान आरक्षण कार्यालय हर रोज की तरह अपने सामान्य समयानुसार (24x7) कार्य करेंगे।

3. अग्रिम आरक्षण कार्यालय (पूरे दिन बंद रहेंगे):

रविवार होने के कारण, निम्नलिखित आरक्षण कार्यालय, जो आमतौर पर रविवार को बंद रहते हैं, पूरे दिन बंद रहेंगे:

बड़ौत, नोली, नया गाज़ियाबाद, मानसा, नरवाना, टोहाना, मुराद नगर, मौड़, खतौली, गोहाना, समालखा, गन्नौर, कैथल, शाहाबाद मारकंडा, झज्जर, दारुल उलूम, साकेत कोर्ट, द्वारका कोर्ट, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी) और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (एमटीसी)।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
हमें फॉलो करें :-
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3900/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अरुण गुप्ता एचईआरसी के चेयरमैन नियुक्त

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) को आखिरकार नया चेयरमैन मिल गया है। मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव रहे सेवानिवृत्त अधिकारी अरुण गुप्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पिछले कई दिनों से उनके नाम को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। यहां तक कि उनकी दोबारा नियुक्ति और मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में वापसी के कयास भी लगाए जा रहे थे। अब उनकी नियुक्ति के साथ ही प्रदेश में प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर बदलाव की चर्चाएं तेज हो गई हैं। दीपावली के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में खाली पदों को भरने की तैयारी है। इसके साथ ही प्रदेश में बड़े प्रशासनिक फेरबदल के भी आसार हैं। इसी महीने वित्त एवं गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल भी सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद प्रशासनिक स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर नई नियुक्तियां हो सकती हैं। भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव के पद पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी की नियुक्ति की तैयारी चल रही है। इसके लिए हरियाणा कैडर के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी की दिल्ली से प्रदेश में वापसी के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित अधिकारी भी अब हरियाणा लौटने के इच्छुक हैं। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की सेवानिवृत्ति के बाद प्रशासनिक स्तर पर बदलाव की प्रक्रिया तेज होने की संभावना है। नायब सैनी सरकार प्रशासनिक बदलाव के साथ राजनीतिक नियुक्तियों की दिशा में भी कदम बढ़ाने की तैयारी में है। सरकार के स्तर पर विभिन्न बोर्डों, निगमों और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों को लेकर मंथन चल रहा है। सूत्रों के अनुसार, लंबे समय से इन पदों पर बदलाव की चर्चाएं हैं और कुछ पुराने चेहरों की जगह नए लोगों को जिम्मेदारी दी जा सकती है।



पुलिस ने सीपीआर देकर बचाई चौकीदार की जान

पंचकूला। पुलिस की जिम्मेदारी केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत पड़ने पर किसी भी नागरिक की जान बचाने के लिए तत्पर रहना भी पुलिस के मानवीय कर्तव्य का अहम हिस्सा है। इसी का सराहनीय उदाहरण आज पंचकूला में देखने को मिला, जहां इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सेक्टर-5 में आयोजित हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सम्मान समारोह शुरू होने से पहले अचानक एक चौकीदार की तबीयत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर पड़ा।

मौके पर सिविल कपड़ों में तैनात पंचकूला पुलिस के जवान सिपाही अनिल कुमार ने बिना समय गंवाए तुरंत मोर्चा संभाला और चौकीदार को सीपीआर देना शुरू किया। पुलिसकर्मी की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से चौकीदार की हालत में सुधार हुआ और उसे तत्काल उपचार के लिए सिविल अस्पताल सेक्टर-6 पहुंचाया गया। डीसीपी पंचकूला आईपीएस अदिति सिंह के अनुसार, समारोह के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से जमीन पर गिरे व्यक्ति की पहचान यासीन मोहम्मद, उम्र 52 वर्ष, निवासी रायपुररानी, पंचकूला के रूप में हुई है। घटना के समय सिपाही अनिल कुमार सिविल कपड़ों में मौके पर तैनात थे। जैसे ही उन्हें चौकीदार के अचानक गिरने की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बिना देरी किए सीपीआर देना शुरू कर दिया। सीपीआर देने के बाद यासीन मोहम्मद को कुछ होश आया, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना संख्या ETRU-T-20-2026-27

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदाये आमंत्रित करते है। इन निविदाओ को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

क्र. स.	निविदा संख्या	कार्य का विवरण	निविदा बंद/खुलने की तिथि	लगभग लागत	टेण्डर फॉर्म की कीमत
1	ETRU-T-20-2026-27	अम्बाला मंडल के अंतर्गत कालका, लाल कलां एवं ऊना हिमाचल स्थित उपखण्डन एवं समानान्तर पोस्ट (SSP) तथा समराला, चुरारू टकारला एवं भटिण्डा (बीकानेर साइड बाउंड्री पोस्ट) स्थित स्विचिंग पोस्ट (SP) पर पुराने/अप्रचलित रिमोट टर्मिनल यूनिट (RTU) के स्थान पर नई RTU की क्षमता वृद्धि एवं स्थापना का हेतु कार्य।	30.11.2026	₹ 1,97,87,927.53/-	Downloading throught IREPS portal- NIL,(रूपये) 5,000/- Sr.DEE/TRD/ UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए

धरोहर राशि रू.3,95,800/- | कार्य पूरा करने की अवधि 06 महीने | वैधता अवधि 60 दिन

1. निविदाकार को सभी जरुरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एवं इस प्रकार हैं: "Railway Board/RDSO Guideline for eligibility criteria to be followed" OR "Interfacing of numerical relays to SCADA system through serial communication port based on IEC Protocol-" 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाये। **संख्या: ETRU-T-20-2026-27 दिनांक: 06.11.2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3901/26

खबर संक्षेप

स्कूल के दिवाली उत्सव में छात्र ने की फायरिंग

नूंह। एक निजी स्कूल में चल रहे दिवाली उत्सव के बीच 12वीं कक्षा का छात्र अपने चाचा की लाइसेंसी रिवॉल्वर लेकर पहुंचा और हवाई फायरिंग कर दी। बच्चे दिवाली उत्सव की तैयारियों में जुटे थे, जैसे ही उन्हें गोली चलने की आवाज सुनाई दी, उनमें अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फायरिंग करने वाले छात्र को हुंडई एस्टर गाड़ी समेत पकड़ लिया। आरोपी पूर्व सरपंच का बेटा है। तलाशी में उसके पास से रिवॉल्वर और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। गनीमत रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वहीं, हथियार के दुरुपयोग को देखते हुए छात्र के चाचा का लाइसेंस रद्द कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

शराब के लिए 200 रुपये न देने पर दोस्त की हत्या

फरीदाबाद। सचिन मर्डर केस में कई खुलासे हुए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि उसके दोस्त सोनू (24) और अंकित (23) ने ही शराब पिलाकर उसकी हत्या की। दोनों सचिन (22) से शराब पार्टी के दौरान 200 रुपये मांग रहे थे। इन पैसों से उन्हें और शराब खरीदनी थी। जब सचिन ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो दोनों उससे झगड़ा करने लगे। विवाद बढ़ा तो कुछ ही देर में उसका गला काट दिया। दोनों ने नशे में ही उसका शव यादराम कॉलोनी के पास खेतों में फेंक दिया। यह शव 4 नवंबर को बरामद किया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि तीनों एक ही जगह काम करते थे। क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने का प्रयास किया जाएगा। तीनों करीब छह साल से दोस्त थे और सरूरपुर की एक ही फैक्ट्री में काम करते थे।

रेवाड़ी में बुधवार को हुए मर्डर केस में पुलिस का खुलासा

गैंगवार में हत्या करने के दो आरोपियों का एनकाउंटर, पैर में गोली मार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बीते बुधवार को गोकलगढ़ निवासी मनोज की हत्या के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी सीआईए और थाना सदर पुलिस की शुक्रवार तड़के दो बदमाशों के साथ कालूवास फ्लाईओवर के नीचे मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पीछा कर रही पुलिस टीमों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैरों में गोली मारकर उन्हें दबोच लिया गया। घायल आरोपी गोकलगढ़ निवासी मनिंदर और हनी को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया है। दोनों ओर से पांच राउंड गोलियां चलाई गईं।

दो दिन पहले गोकलगढ़ निवासी मनोज गांव के टी-प्वाइंट पर बाइक ठीक कराने के लिए गया था। इसी दौरान बाइक पर आए तीन बदमाशों में से एक ने उस पर फायरिंग कर दी। पेट में गोली लगने से उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक मनोज कुमार के पिता जसवंत की शिकायत पर उसी के गांव के मनिंदर, विशाल और महेश के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था।



रेवाड़ी। ट्रामा सेंटर में उपचाराधीन आरोपी व मौजूद पुलिस टीम।

भूरा की हत्या का बदला लेने को मारी थी गोली

मनोज को गांव के ही भूरा की हत्या के आरोप में गत वर्ष गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा गया था। लगभग डेढ़ माह पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। उसकी हत्या के मुख्य आरोपी मनिंदर को भी हाल ही में एनडीपीएस मामले में जामनत मिली थी। इन सभी के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। भूरा की हत्या का बदला लेने के लिए ही मनोज की हत्या को अंजाम दिया गया था।

पूर्व पत्नी पर चाकू से हमला, पुलिस ने आरोपी को सिर मुंडवाकर घुमाया

करनाल (हरिभूमि न्यूज)। मेरठ रोड पर तलाकशुदा पूर्व पत्नी पर बुधवार रात चाकू से हमला करने के मामले में करनाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पूर्व पति साहिल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। महिला के गले पर वार किए जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई, जो उपचाराधीन है। परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि दोनों के बीच वर्ष 2020 में तलाक हो चुका था। इसके बावजूद आरोपी लगातार महिला और उसकी बेटी का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। इससे पहले भी पुलिस को शिकायतें दी गई थीं, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से आरोपी का हौसला बढ़ता गया। अब पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी की गिरफ्तारी कर ली। पुलिस के अनुसार, आरोपी को घटनास्थल से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाने के लिए उसे संबंधित स्थानों पर ले जाया गया। थाना सिटी पुलिस ने लड़ाई-झगड़े के एक अन्य मामले में तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। एक के खिलाफ करीब 25 मामले दर्ज हैं।



सामान बाहर रखने का विवाद पड़ोसी ने की व्यापारी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत में रेलवे रोड पर धनतेरस पर दुकान के बाहर सामान रखने को लेकर हुए विवाद में व्यापारी विदेश जिंदल की हत्या कर दी गई। आरोप है कि पड़ोसी दुकानदार उमेश ने पहले उनके साथ थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की। इसके बाद उनकी छाती में सिर से वार किया। आरोपी ने सिर से कई बार टक्कर मारी। घटना के प्रत्यक्षदर्शी रमेश के मुताबिक, इससे विदेश बेसुध होकर नीचे गिर गए। आसपास के लोग उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विदेश जिंदल के परिवार में उनके तीन बच्चे हैं।

प्रत्यक्षदर्शी रमेश के अनुसार, शुक्रवार सुबह विदेश जिंदल और पड़ोसी दुकानदार उमेश के बीच दुकान के बाहर सामान रखने को लेकर कहासुनी हुई। उमेश की देव इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम से दुकान है। दिवाली के चलते उसने दुकान के बाहर सामान डिस्प्ले के लिए रखा था, जिससे विदेश की दुकानदारी प्रभावित हो रही थी। विदेश ने कई बार उमेश से दुकान के बाहर रखा सामान हटाने को कहा, लेकिन वह नहीं माना। शुक्रवार सुबह विदेश ने अपने नौकर से सामान हटवा दिया। इसके बाद उमेश ने दोबारा दुकान के बाहर सामान रख दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें दोनों विदेश और उमेश के बीच मारपीट होती दिखाई दे रही है। कुछ व्यापारी और पुलिसकर्मी उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आरोपी दुकानदार रुक नहीं रहा है। मृतक किशनपुरा की इंडियन कॉलोनी के रहने वाले थे और उनकी रेलवे रोड पर मोबाइल एसेसरीज की दुकान थी।

ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर 4 हजार लेते जेई काबू

■ खेत में ट्रांसफार्मर बदलवाने को जुंडला के जेई ने किसान से मांगी थी रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

कृषि भूमि पर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलवाने के एवज में किसान से 4 हजार रुपये रिश्वत मांगना उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के जूनियर इंजीनियर को भारी पड़ गया। शिकायत मिलने के बाद राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की करनाल टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता की कृषि भूमि पर लगा ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। उसे बदलवाने के लिए शिकायतकर्ता ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के जुंडला कार्यालय में सहायक अभियंता परिचालन के पास लिखित आवेदन दिया था। आरोप है कि कार्यालय में तैनात जूनियर इंजीनियर हरदीप सिंह ने ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया पूरी करने के बदले 4 हजार रुपये रिश्वत की मांग की।

शिकायत पर एसीबी टीम ने जुंडला स्थित बिजली निगम कार्यालय में शिकायतकर्ता से 4 हजार रुपये लेते हुए हरदीप सिंह को रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी हरदीप सिंह हरिपुरा, सेक्टर-19, कैथल का निवासी है।

2 हजार में फर्जी जमानती बना असली ने आकर बताया फर्जीवाड़ा

कैथल। एक व्यक्ति ने दूसरे की पहचान का इस्तेमाल कर 2 हजार रुपये के लिए अदालत में फर्जी जमानती बनकर जमानत दी। मामले का खुलासा तब हुआ, जब असली अमन कुमार ने अदालत में पेश होकर जमानती बनने से इनकार कर दिया। इसके बाद अदालत के समक्ष पेश हुए खरक पांडवा निवासी रोहताश ने स्वीकार किया कि उसने खुद को अमन कुमार बताकर जमानत के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। अदालत के आदेश पर पुलिस केस दर्ज किया है। मामला सूरजभान बनाम विकास से जुड़ा है। यह केस चेक बाउंस से संबंधित है और वर्ष 2019 से अदालत में विचाराधीन है। अदालत ने 9 दिसंबर 2024 को आरोपी विकास को जमानत देते हुए व्यक्तिगत मुचलका और जमानती पेश करने की शर्त रखी थी। इसके बाद एक व्यक्ति अमन कुमार पुत्र प्रेमचंद निवासी दूबल के नाम से अदालत में पेश हुआ और विकास की जमानत ली। उसकी पहचान अधिवक्ता अनिल कुमार ने की थी। बाद में विकास के कोर्ट में न आने पर यह राज खुला।

संतरो इन्सां की मृत्यु के बाद आंखें और शरीर किया दान

थानेसर (हरिभूमि न्यूज)। सेक्टर-7 निवासी 60 वर्षीय संतरो इन्सां ने मृत्यु के बाद भी मानवता की मिसाल पेश की। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार पहले आंखों का दान किया गया और इसके बाद मेडिकल शोध के लिए पार्थिव शरीर दान किया गया। उनकी आंखें करनाल के अर्पणा आई बैंक में सुरक्षित रखी गई हैं, जबकि शरीर देहरादून स्थित इरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस भेजा गया है। उनके पति एवं नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से सेवानिवृत्त सीनियर ड्राफ्टमैन रामनिवास जागलान ने बताया कि संतरो इन्सां ने डेरा सच्चा सौदा में नेत्रदान और देहदान का संकल्प पत्र भरा था। गुरुवार देर शाम बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। शुक्रवार सुबह देहदान किया गया। इस दौरान शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सदस्यों, परिजनों और रिश्तेदारों ने मानव श्रृंखला बनाकर एंबुलेंस को अंतिम विदाई दी। उनकी अर्थी को बेटों के साथ पुत्रवधू ने भी कंधा दिया। वे अपने पीछे पति, बेटे दीपक, बेटी गीता, पुत्रवधू और पौत्र-पौत्री को छोड़ गई हैं।

सरकारी अस्पताल में स्टाफ ने मरीज को पीटा, आरोपी पदमुक्त

जींद (हरिभूमि न्यूज)। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में वीरवार देर शाम इमरजेंसी वार्ड में उपचार के लिए आए भगवान नगर निवासी सन्नी को दवा की बजाए सीटी स्कैन के सिक्योरटी गार्ड ने थप्पड़ जड़ दिए और उसकी पत्नी को भी घायल कर दिया। वह काफी इंतजार डॉक्टर को दवा देने की कह रहा था। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल किया गया। फिलहाल जिस मरीज को थप्पड़ जड़े गए हैं, वह अस्पताल में भर्ती है। वहीं, डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा व एसपी उपासना अस्पताल पहुंचीं। एसपी ने मौके पर मौजूद दोनों होमगार्ड को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं, सीटी स्कैन कर्मचारी को हटा दिया गया है। मामले की जांच शुरू हो गई है।



NATIONAL PROGRAMME FOR PREVENTION & CONTROL OF NON-COMMUNICABLE DISEASES NP-NCD
हरियाणा सरकार
NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस
नवम्बर 7, 2026

चेतावनी के लक्षण
- स्तन में गांठ या सूजन
- मुँह के छालों का ठीक न होना/खून आना
- बिना कारण वजन का घटना व भूख कम लगना
- योनि से स्राव या रक्तस्राव (अंतर-मासिक धर्म या रजोनिवृत्ति के बाद)
- खाना निगलने में कठिनाई
- आंत की आदतों में बदलाव

कैंसर की रोकथाम
- स्वस्थ खान-पान की आदतें अपनाएं
- नियमित शारीरिक गतिविधि करें
- तम्बाकू व शराब के सेवन से बचें



कैंसर का इलाज संभव है
यदि इसका समय पर पता लग जाए और पर्याप्त इलाज किया जाए

सरकार की पहल
- सिविल अस्पताल अम्बाला कैंट में अटल कैंसर देखभाल केंद्र की स्थापना।
- कैंसर रोगियों को हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में एक सहायक के साथ मुफ्त यात्रा की सुविधा।
- सभी जिला सिविल अस्पतालों में डे-केयर कैंसर सेंटर स्थापित किए गए हैं ताकि कैंसर मरीजों का उपचार किया जा सके। स्टेज 3 और 4 के कैंसर मरीजों के लिए मासिक पेंशन।
- सर्वाइकल कैंसर से रोकथाम के लिए 14 साल की लड़कियों का मुफ्त HPV टीकाकरण।
- सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में कैंसर का जल्द पता लगाने के लिए मुफ्त जांच।

आइए, कैंसर को हराने के लिए राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर एक साथ खड़े होकर, जागरूकता बढ़ाएं और बदलाव लाएं।
Please scan QR Code to visit us
Please Follow us on @NHMHRY @NationalHealthMissionHaryana @haryanaarthm @nhmharyana9720
स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा
website : www.nhmharyana.gov.in
HARYANACMO CMOHRY www.haryanacmoffice.gov.in
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

निफ्टी नौ महीने के शीर्ष पर पहुंचा

धनतेरस पर झूम उठा शेयर बाजार सेंसेक्स में 1,718 अंकों का उछाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक बाजारों में भारी गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला शुक्रवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में जारी रहा। विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मजबूत हुई निवेशक धारणा के बीच सेंसेक्स 1,718 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, दूसरी तिमाही में कंपनियों के बेहतर वित्तीय नतीजों और रुपये में मजबूती से भी बाजार की धारणा को समर्थन मिला। इसके साथ ही शेयर बाजार में दिवाली का त्योहारी उत्साह भी बना हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,718.01 अंक चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 81,028.02 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी 25 हजार के पार

एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 493.75 अंक यानी 2.01 प्रतिशत की तगड़ी बढ़त के साथ दिन के उच्चतम स्तर 25,030.35 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी का नौ महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है।

महिंद्रा के शेयर में रही सबसे अधिक तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 6.15 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने एक दिन पहले कहा था कि सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 4,587.88 करोड़ रुपये रहा। वाहन कारोबार में मजबूत राजस्व वृद्धि से कंपनी के लाभ को समर्थन मिला।

सात कारोबारी सत्रों में रही तेजी

पिछले लगातार सात कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 7,781.99 अंक यानी 10.62 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी में 2,331.5 अंक यानी 10.27 प्रतिशत की तेजी आई है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 2,008.61 अंक यानी 2.60 प्रतिशत उछलकर 79,310.01 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 576 अंक यानी 2.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,536.60 अंक पर बंद हुआ था।



सेंसेक्स के शेयरों में मात्र पावर ग्रिड में रही गिरावट

इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी बढ़त रही। चौतरफा तेजी के बीच सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से केवल पावर ग्रिड का शेयर ही गिरावट में रहा।

स्मालकैप में रही गिरावट : व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.23 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.92 प्रतिशत की गिरावट आई। इस कारोबारी सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स ने 6,568.49 अंक यानी 8.82 प्रतिशत की जोरदार बढ़त दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी ने कुल 1,977.25 अंक यानी 8.57 प्रतिशत की छलांग लगाई।

एयरटेल दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बनी

भारती एयरटेल ने शुक्रवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से जियो प्लेटफॉर्म्स को पीछे छोड़ते हुए दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी का स्थान फिर से हासिल कर लिया। बीएसई पर भारती एयरटेल के शेयर 1.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,096.25 रुपये पर बंद हुए। कारोबार के दौरान शेयर में 2.81 प्रतिशत की तेजी आई और यह 2,120 रुपये तक पहुंच गया। वहीं, जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर 0.90 प्रतिशत गिरकर 1,405.75 रुपये पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल सर्विसेज ने तिमाही सराफा रिपोर्ट में लगाया अनुमान

सोने का भाव 1.68 लाख प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने का अनुमान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू बाजार में सोने की कीमत अगले 6-12 महीनों में बढ़कर 1.60-1.68 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है। निवेश मांग जारी रहने और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी के बीच दाम बढ़ने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने अपनी ताजा तिमाही सर्राफा रिपोर्ट में अनुमान लगाया कि मध्यम अवधि में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतें 4,500-4,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच जाएंगी, जबकि अल्पावधि में घरेलू कीमतें 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पास रह सकती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष की असाधारण तेजी के बाद अमेरिकी ब्याज दरों में वृद्धि के अनुमान, मुद्रास्फीति के जारी रहने, ऊंचे बॉन्ड प्रतिफल और वैश्विक घटनाक्रमों के बीच 2026 में बहुमूल्य धातुओं में उतार-चढ़ाव देखा गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत जनवरी 2026 में लगभग 5,600 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर 4,000 अमेरिकी डॉलर से नीचे आ गईं और फिर उनमें सुधार हुआ।

सोना सुरक्षित संपत्ति के रूप में महत्व बनाए हुए

एमओएफएसएल के जिंस शोध प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, "वैश्विक आर्थिक और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोना एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में अपना महत्व बनाए हुए है। हालांकि, निकट भविष्य में इसकी दिशा फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति, मुद्रास्फीति के रुझान, अमेरिकी डॉलर की चाल और वास्तविक बॉन्ड प्रतिफल से निर्धारित होगी।"

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है :–

कार्य का नाम	जगाधरी वर्कशॉप के प्रशासनिक भवन में IoT आधारित वायरलेस ऑक्यूपेंसी सेंसर का प्रावधान।		
निविदा प्रकार	खुला	बोली प्रणाली	एकल पैकेट प्रणाली
निविदा विक्रय समापन तिथि	30.11.2026 प्रातः 11:30 बजे	निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय	06.11.2026
पूर्व–बोली आवश्यक है	नहीं	आज तक प्री–बिड क्वेरी	ना
विज्ञापन मूल्य	रु. 22,77,282/- सभी कर जीएसटी आदि सहित।	निविदा अनुभाग	टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप
अग्रिम धन	रु. 45,600/-	ऑफर की वैधता	60 दिन
निविदा दस्तावेज लागत	Nil (अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार)	समापन की अवधि	90 दिन
बोली आरंभ तिथि	16.11.2026	बोली समाप्ति तिथि	30.11.2026 प्रातः 11:30 बजे
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है।		
वेबसाइट	www.ireps.gov.in पर जाएं		

56/डब्ल्यू/इलेक्ट/25-26/T/06/RT वायरलेस ऑक्यूपेंसी सेंसर

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3894/26

COURT NOTICE

(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF

Ms. Mansi Gaur

Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur

BHARPAI

Vs.

General Public

CNR No. HRSOA0-000305-2026

CASE NO.:-CS/229/2026

Next Date : 07.12.2026

It is prayed that in view of facts and circumstances, mentioned in the plaint, the Honourable Court may kindly be pleased to pass a decree for declaration in favour of the plaintiffs and against the defendants declaring said Anil S/o Late Shri Maman Singh Rio village Bajana Kalan Tehsil Ganaur Distt. Sonepat as dead person, in the interest of justice.

PUBLICATION ISSUED TO :-

General Public

Village Bajana Kalana, Tehsil Ganaur, Distt. Sonepat, State Haryana, India

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **07.12.2026 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur

Dated, this day of 06.11.2026

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	पं. भ.द. शर्मा पीजीआईएमएस रोहतक	पीजीआईएमएस रोहतक में मशीनरी एवं उपकरण, कंज्यूमेबल मदों/औषधियों और अन्य मदों की आपूर्ति हेतु।	06.11.2026 07.12.2026	-	www.uhsr.ac.in	9813031027 purchase.pgims@uhsr.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/40/50847/I/88/6 दि. 06.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी	विश्वविद्यालय के लिए इंटरनेट लीज्ड लाइन सर्विसेज 1000 एमबीपीएस को किराये पर लेना।	05.11.2026 20.11.2026	30 लाख	www.cblu.ac.in	7015764726 purchase@cblu.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/40/50848/I/88/6 दि. 06.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एमआईसीएडी डिवीजन जीन्द	आउटलेट आरडी 46400-आर जे.डी. नं.-03 पर वाटरकोर्स का विस्तार, डी-प्लान + 10 कार्य।	बंद होने की तिथि 12.11.2026	45,27,054/-	https://etenders.hry.nic.in	9991129289 xenjndcad1@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/40/50853/I/88/6 दि. 06.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम सोनीपत	एम.सी. सोनीपत में एयरबोर्न डस्ट सप्रेशन हेतु ऑटोमैटिक वाटर मिस्ट स्प्रे सिस्टम (मौजूदा/स्थापित पिल्लर्स और राउडअबाउट पर मिस्ट रिंग्स सिस्टम्स) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन (एसआईटीसी) + 1 कार्य।	बंद होने की तिथि 13.11.2026	97,31,197/-	https://etenders.hry.nic.in	1302260100 xenhorimss@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/40/50854/I/88/6 दि. 06.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	पं. भ.द. शर्मा पीजीआईएमएस रोहतक	पीजीआईएमएस रोहतक में मशीनरी और उपकरण की आपूर्ति हेतु।	06.11.2026 07.12.2026	46,000/-	www.uhsr.ac.in	9416358222 cmo.pgims@uhsr.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/40/50863/I/88/6 दि. 06.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका जाखल मण्डी	स्वर्ग आश्रम गऊशाला रोड जाखल मण्डी की चारदिवारी का निर्माण + 3 कार्य।	बंद होने की तिथि 13.11.2026	69,79,136/-	https://etenders.hry.nic.in	9813250056 sexyjakhal@ubhenyena.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/40/50866/I/88/6 दि. 06.11.26

हिंडाल्को का लाभ 59 फीसदी बढ़कर 7,533 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 58.8 प्रतिशत बढ़कर 7,533 करोड़ रुपये रहा।

वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 4,741 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी आय बढ़कर 92,651 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान तिमाही में 66,771 करोड़ रुपये थी।


महानदी कोलफील्ड्स को मिली आईपीओ लाने की सेबी से मंजूरी

नई दिल्ली। ओडिशा स्थित महानदी कोलफील्ड्स लि. को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। सेबी ने चार नवंबर को कंपनी के निर्गम के मसौदा दस्तावेजों पर अंतिम टिप्पणी जारी की। नियामक की टिप्पणी आईपीओ प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके बाद कंपनी संबंधित नियामकीय आवश्यकताओं



को पूरा करते हुए सार्वजनिक निर्गम की आगे की तैयारी कर सकती है। महानदी कोलफील्ड्स लि. (एमसीएल) ने सितंबर में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना मसौदा विवरण-पत्र दाखिल किया था।

महिंद्रा चार एसयूवी समेत पांच नए वाहन करेगी पेश



नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा अगले साल जून तक चार स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) और एक हल्का वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी मांग को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता भी बढ़ा रही है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन और कृषि कारोबार के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश जेजुरिकर ने कहा, 'हम 2027 की पहली छमाही में पांच बड़े उत्पाद पेश करेंगे।

धनतेरस पर एनएसई ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स को दिया बढ़ावा

नई दिल्ली। इस धनतेरस पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) निवेशकों को इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआरएस) के माध्यम से सोने में निवेश के एक नए विकल्प को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यह एक एक्सचेंज-ट्रेडेड वित्तीय साधन है, जिसके जरिए निवेशक खुद सोने को सुरक्षित रखने की आवश्यकता के बिना भौतिक सोने का स्वामित्व इलेक्ट्रॉनिक रूप में रख सकते हैं। मई 2026 में शुरू किया गया एनएससी का इजीआर प्लेटफॉर्म भारत के पारंपरिक स्वर्ण बाजार को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रत्येक इजीआर, एसईबीआई-पंजीकृत वॉल्ट में सुरक्षित रखे गए भौतिक सोने के स्वामित्व का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे शेयरों की तरह डीमैट खाते में रखा जा सकता है। निवेशक पंजीकृत ब्रोकरों के माध्यम से ईजीआर की खरीद-बिक्री कर सकते हैं और निर्धारित निकासी प्रक्रिया के तहत अपनी होल्डिंग को भौतिक सोने में भी बदल सकते हैं। यह उत्पाद 10 मिलीग्राम से लेकर 1 किलोग्राम तक की विभिन्न मात्राओं में उपलब्ध है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

COURT NOTICE

(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF

HARSIMRAN KAUR KERON

Civil Judge Junior Division,

PUNJAB AND SIND BANK

Vs.

KAVITA

CNR No. HRJRA0-000587-2026

Next Date : 19.12.2026

CS-413-2026

PUBLICATION ISSUED TO :-

KAVITA

Spouse :- SHIV KUMAR S/O GANGARAM H.NO. 1817, W.NO. 3, G. NO. 5, SURAT NAGAR, LINEPAR, BAHADURGARH

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **19.12.2026 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*

Sd/- Harsimran Kaur keron

Civil Judge Junior Division, Bahadurgarh

Dated, this day of 03.11.2026

COURT NOTICE

(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF

Sh. Jitesh Kumar Sharma

Civil Judge (Junior Division),

Om Parkash

Vs.

Monika

CNR No. HRJR02-001303-2022

Next Date : 03.12.2026

PUBLICATION ISSUED TO :-

Reena

Daughter ::- Dharampal

Son of Mahabir Resident of Village Sahlawas Tehsil Matanhail District Jhajjar

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **03.12.2026 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*

Sd/- Jitesh Kumar Sharma

Civil Judge (Junior Division), Jhajjar

Dated, this day of 04.11.2026

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.69 अरब डॉलर घटा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.69 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 1.27 अरब डॉलर घटकर 719.75 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

कार्यालय नगर पंचायत बिलाईगढ़, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

Entail ID- npbilaigarh08@gmail.com

क्र./ 1013 / न.पं./ लो.नि.वि./2026-27 बिलाईगढ़, दिनांक 30/10/2026

// प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना //


एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा Form-F (Lumpsum) अंतर्गत आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य विवरण	अनु. लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि	Tender Document Fee	समय सीमा	सक्षम श्रेणी	फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि
1	203016	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Bilaigarh under SBM 2.0 (1st Call)	INR 235.46 LAKH	INR 1.50 Lakh TDR/ FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar panchayat, Bilaigarh	INR 10000/- in the form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar panchayat, Bilaigarh	Construction Period-15 months (including rainy season) + 03 months of trial run (from the date of issuing of work order)	"B" and Above	25.11.2026

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा/सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत बिलाईगढ़

शब्द पहेली - 6401



बाएँ से दाएँ


1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

ऊपर से नीचे

1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

शब्द पहेली- 6400 का हल

	स	ह	का	रि	ता		अ	चा	न	क
हा	र		य		ना	वि	क		त	र
थ		त	र	जु	मा		ल	ता		दा
मा	कू	ल			र	थ		क	वि	ता
र		घ		फ	ना		खा		र	
ना	म	र	ख	ना		रा	ज	म	ह	ल
	थ		त		मो	ह		ह		प
क	ना	त		रा	ह			क	पा	ल
र		ना	प		त	म	क	ना		पा
ता	ना		ली	ड	र		थ		का	ना
र	च	चि	ता		मा	ख	न	चो	र	



ओबीसी क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

माता-पिता की कमाई से नहीं तय होगा आरक्षण

केंद्र सरकार को दो साल का वक्त देने से इनकार, याचिका खारिज की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने यूपीएसी परीक्षाओं में ओबीसी क्रीमी लेयर आरक्षण पर केंद्र सरकार की संशोधन याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के तहत 'क्रीमी लेयर' तय करने का आधार केवल माता-पिता की सैलरी या आय को नहीं बनाया जा सकता।

अदालत ने कहा कि किसी उम्मीदवार को आरक्षण के दायरे से बाहर करने के लिए केवल वेतन को पैमाना मानना सही नहीं है। इसके लिए माता-पिता के सोशल स्टेटस और उनके पद की प्रकृति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। केंद्र सरकार ने पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों) और प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों के पदों की सरकारी पदों से समानता तय करने और नई व्यवस्था बनाने के लिए दो साल का समय मांगा था। सुप्रीम कोर्ट ने यह मांग स्वीकार नहीं की। कोर्ट ने फैसले का पालन करने के लिए आठ हफ्ते का अतिरिक्त समय दे दिया है।

क्रीमी लेयर का यह पूरा मामला



यह पूरा विवाद उन कैंडिडेट्स से जुड़ा है, जिनके माता-पिता पब्लिक सेक्टर्स (पीएसयू), बैंक या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे। इन कुछ कैंडिडेट्स ने सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) में याचिका दायर की थी। वे सिविल सेवा परीक्षा में ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) का लाभ चाहते थे। ट्रिब्यूनल ने सरकार को आदेश दिया था कि उन्हें उनके ओबीसी श्रेणी के आरक्षण के आधार पर नौकरी दी जाए। केंद्र सरकार ने 1993 का ऑफिस मेमोरेंडम जारी किया था, जिसमें बताया गया था कि ओबीसी में क्रीमी लेयर कौन होगा। उसमें कहा गया था कि वेतन और कृषि आय को आय सीमा तय करने में शामिल नहीं किया जाएगा। लेकिन 14 अक्टूबर 2004 के स्पष्टीकरण में पीएसयू और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के वेतन-आय को शामिल करने की बात कही गई थी। सरकार ने इस स्पष्टीकरण पत्र का सहारा लेकर कैंडिडेट्स के माता-पिता की सैलरी को आय में जोड़ दिया था।

कोर्ट ने कहा था - एक पत्र मुख्य नीति को नहीं बदल सकता

कोर्ट ने इसी साल 14 मार्च को हुई सुनवाई में कहा था कि 2004 का एक पत्र मुख्य नीति को नहीं बदल सकता।सरकारी कर्मचारियों और पीएसयू कर्मचारियों के बीच भेदभाव करना गलत है। अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को पद के आधार पर छूट मिलती है, तो पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों को केवल सैलरी के आधार पर आरक्षण से बाहर करना समानता के अधिकार का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि वह 6 महीने के भीतर इन कैंडिडेट्स के दावों पर फिर से विचार करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर जरूरी हो तो इन कैंडिडेट्स को नौकरी देने के लिए अलग से पद बनाए जाएं।

झारखंड में ट्रेलर ने 9 को कुचला, 7 की मौत

स्कूटी सवार को बचाने दौड़े लोगों को रौंदा



दुर्घटना में 4 महिलाओं और 3 बच्चों की मौत हो गई

खूंटी। झारखंड के खूंटी जिले में गुरुवार देर रात तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से चार महिलाओं और तीन बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई, जबकि एक लड़की घायल हो गई। हादसा कर्रा-तोरपा मुख्य मार्ग पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ महिलाएं और बच्चे झाड़ियों में गिरे एक स्कूटर सवार की मदद कर रहे थे, तभी ट्रेलर ने उन्हें कुचल दिया। घायल लड़की का खूंटी सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद चालक और हेल्पर फरार हो गए। घटना से नाराज ग्रामीणों ने आज सुबह सड़क जाम कर मुआवजे, चालक की गिरफ्तारी और सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की। कर्रा थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक के पास स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त होने पर लोग मदद के लिए पहुंचे थे। वहां तीखा मोड़ और अंधेरा होने के कारण 18 चक्का वाहन चालक को लोग नजर नहीं आए और हादसा हो गया।

पारिवारिक विवाद में पत्नी समेत सात लोगों की हत्या

पार्टी के बहाने दो सालों को घर बुलाकर मार डाला

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पारिवारिक विवाद के चलते सामूहिक हत्याकांड का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पत्नी समेत उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने का दावा करने वाले आरोपी इंदुशेखर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने दो दिनों के भीतर वारदात को अंजाम दिया। जांचकर्ताओं को उसकी नाबालिग बेटी की भूमिका पर भी संदेह है। उससे पूछताछ की जा रही है। मृतकों की पहचान आरोपी की पत्नी सुनीता, सास रूपवती, साले शिवकुमार और शंकर, सालियों दिव्या और नलिनी तथा शंकर के सात वर्षीय बेटे के रूप में हुई है। शुरुआती जांच के अनुसार, आरोपी ने पहले अपनी पत्नी की सिलबट्टे से हत्या की और शव को कपड़े में लपेटकर नंदी हिल्स के पास फेंक दिया। इसके बाद उसने पत्नी का मोबाइल बंद कर दिया और पड़ोसियों को बताया कि वह घूमने गई है। अगले दिन उसने दोनों सालों को पार्टी के बहाने घर बुलाया और उनकी हत्या कर दी। इसके बाद उनकी पत्नियों, सास और सात वर्षीय बच्चे को भी मार डाला।

ऐसे हुआ खुलासा



बता दें कि नलिनी के लापता होने के बाद उसकी मां ने श्रीरामपुरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच में पता चला कि नलिनी के अलावा और भी कई लोग गायब हैं। ऐसे में पुलिस को शेखर पर शक हुआ। पूछताछ में उसने सच उगल दिया। इस दौरान 7 साल के पुनीत का शव नंदी हिल्स के पास मिला है। फिलहाल बाकी शवों की तलाश जारी है।

कोलकाता में किशोर की आंखों पर पट्टी बांधकर आग लगाई

रील बनाने के लिए की वारदात, तीन गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

दक्षिण कोलकाता में एक किशोर को आंखों पर पट्टी बांधकर पेट्रोल डाला गया। इसके बाद उसे आग लगा दी गई। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिगों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 27 अक्टूबर की है। आरोपियों ने हमले का वीडियो बनाया था। शक है कि वे इसे सोशल मीडिया रील के लिए रिकॉर्ड कर रहे थे। आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। किशोर की हालत स्थिर है। उसके सीने और पेट पर जलने की चोटें आई हैं। उसका अस्पताल में इलाज



चल रहा है। लड़के के परिवार ने हमले की वजह आर्थिक विवाद बताई है। परिवार का कहना है कि लड़के ने करीब 6 महीने पहले आरोपी से लिए 500 लौटा दिए थे। पुलिस के मुताबिक जब लड़का 27 अक्टूबर को घर लौट रहा था। तभी आरोपियों ने उसे रास्ते में रोका और लेनिन नगर में एक तालाब के पास ले गए।

बठिंडा में पेशी भुगतने जा रहे सिरसा के युवक को कुल्हाड़ी से काट डाला

एजेंसी ▶▶| बठिंडा

पंजाब के बठिंडा-सिरसा बॉर्डर पर गांव पथराला के पास हरियाणा के युवक की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। युवक तलवंडी साबो कोर्ट में मारपीट के एक मामले में पेशी भुगतने जा रहा था। युवती समेत 6 नामजद आरोपियों ने पहले कार से युवक का पीछा किया और फिर रास्ते में घेर लिया। युवक खेतों की तरफ भागा, लेकिन हमलावरों ने उसके सिर पर वार किए। कुलदीप सिंह ऑल्टो कार में गांव मसीतां से बठिंडा की तरफ जा रहा था। उसके साथ एक साथी भी था। जब वे बठिंडा-डबवाली रोड पर पथराला के पास पहुंचे, तो दूसरी कार में सवार 3 लोगों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। कुछ दूरी पर उनकी कार रुकवा ली। कुलदीप गाड़ी से उतरकर गांव पथराला निवासी गुरदीप सिंह के खेतों की तरफ भागा। हमलावरों ने घेरकर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया।

रंजिश में वारदात का शक

जांच में हत्या के पीछे रंजिश की बात सामने आई है। डेढ़ साल पहले



कुलदीप ने कुछ साथियों के साथ मिलकर गुरसेवक सिंह की हत्या की थी। इस मामले में वह कुछ समय पहले जमानत परआया था। उसकी की हत्या का बदला लेने के लिए दूसरे पक्ष ने कुलदीप को निशाना बनाया। दोनों पक्षों के बीच पारिवारिक विवाद और पुरानी रंजिश भी रही है।

देहरादून में शाह ने विपक्ष पर किया प्रहार

कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई

एजेंसी ▶▶| देहरादून

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की जनता से अगले साल की शुरुआत में प्रस्तावित राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को 65 से अधिक सीटें जिताकर लगातार तीसरी बार पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तराखंड को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर परेड ग्राउंड में शाह ने कहा कि असम, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गोवा और महाराष्ट्र में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगा चुकी है। अब उत्तराखंड की बारी है। उन्होंने कहा कि 2017 में जब मैं पार्टी का अध्यक्ष था, तब आपने 46 प्रतिशत वोट देकर भाजपा को 57 सीटें दी थीं। 2022 में 44 प्रतिशत वोट के साथ 47 सीटें दीं। लेकिन इस बार इससे काम नहीं



राज्य में यूसीसी लागू किया

शाह ने दावा किया कि भाजपा ने 10 वर्षों में जनता को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। यूसीसी पर उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद प्रदेश में किसी को 4 शादियां करने या 'तीन तलाक' के जरिए किसी महिला का अपमान करने की अनुमति नहीं है।

चलेगा। हमें 65 पार का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई।

दिवालीः दिल्ली मेट्रो सुबह 6 बजे से दौड़ेंगी

नई दिल्ली। दिवाली के अवसर पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने मेट्रो परिचालन के समय में बदलाव किया है। रविवारको सभी मेट्रो लाइनों पर रात की आखिरी ट्रेन सामान्य समय रात 11 बजे के बजाय एक घंटे पहले रात 10 बजे टर्मिनल स्टेशनों से रवाना होगी। इसमें एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन भी शामिल है।3 मेट्रो लाइनों पर सेवा भी एक घंटे पहले शुरू की जाएगी।

बंदर से बैग छुड़ाने के प्रयास में खाई में गिरा पर्यटक, मौत, पचमढ़ी घूमने आया था

पचमढ़ी। पर्यटन स्थल पचमढ़ी में शुक्रवार को बंदर से बैग वापस लेने की कोशिश एक पर्यटक की जान पर भारी पड़ गई। प्रियदर्शनी प्वाइंट पर बंदर का पीछा करते समय संतुलन बिगड़ने से नागपुर निवासी विजय नाईक (40) गहरी खाई में गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। वह 30 पर्यटकों के दल के साथ पचमढ़ी घूमने आए थे। विजय गुरुवार शाम अपने पिता और बेटी सहित पर्यटक दल के साथ पचमढ़ी पहुंचे थे। सभी होटल मधु मिलन में ठहरे थे।

जेएसएससी व सीजीएल परीक्षा रद्द

रांची। भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शन के बीच झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त



स्नातक स्तरीय (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा को रद्द करने संबंधी राज्य सरकार की अधिसूचना को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि निर्णय 'अन्यायपूर्ण और अनुचित' था।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
04412	हज़रत निज़ामुद्दीन	18:50	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं.	06:00	तिथिवार	शनिवार	07.11.2026 को
04411	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं.	06:30	हज़रत निज़ामुद्दीन	16:00		शनिवार, रविवार	07 एवं 08.11.2026 को
04414	गाजियाबाद	20:05	अलीगढ़ जं.	22:30	तिथिवार	शनिवार	07.11.2026 को
04413	अलीगढ़ जं.	23:30	गाजियाबाद	02:00		शनिवार, रविवार	07 एवं 08.11.2026 को
04022	नई दिल्ली वाया लखनऊ (एनआर)	14:30	गोरखपुर	04:10	तिथिवार	शुक्रवार	13.11.2026 को
04021	गोरखपुर	07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	07 एवं 14.11.2026 को
04058	आनंद विहार टर्मिनल	00:20	छपरा	19:20	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार मंगलवार	17.11.2026 तक
04057	छपरा	22:10	आनंद विहार टर्मिनल	17:20			
05087	मऊ	22:30	आनंद विहार टर्मिनल	17:00	तिथिवार	मंगलवार	10.11.2026 को
05088	आनंद विहार टर्मिनल	19:15	मऊ	14:00		बुधवार	11.11.2026 को
01903	आगरा कैंट	20:00	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	12:20	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
01904	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	16:05	आगरा कैंट	08:40		सोमवार	30.11.2026 तक
02563	बरौनी जं.	07:40	नई दिल्ली	05:10	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	30.11.2026 तक
02564	नई दिल्ली	17:55	बरौनी जं.	15:10		गुरु, शुक्र, शनि	01.12.2026 तक
02569	दरभंगा जं.	06:30	नई दिल्ली	04:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	30.11.2026 तक
02570	नई दिल्ली	12:15	दरभंगा जं.	10:00		गुरु, शुक्र, शनि	01.12.2026 तक
05579	पूर्णिया कोर्ट	16:30	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	29.11.2026 तक
05580	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	पूर्णिया कोर्ट	13:45		रविवार, मंगलवार	01.12.2026 तक
05575	सहरसा जं.	20:00	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05576	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	सहरसा जं.	10:30		गुरुवार	26.11.2026 तक
02397	शेखपुरा जं.	11:30	आनंद विहार टर्मिनल	11:40	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
02398	आनंद विहार टर्मिनल	13:30	शेखपुरा जं.	14:45		सोमवार	30.11.2026 तक
03639	धनबाद जं.	18:30	शकूर बस्ती	18:40	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
03640	शकूर बस्ती	21:10	धनबाद जं.	23:45		मंगलवार, शनिवार	01.12.2026 तक
05219	मुजफ्फरपुर जं.	13:30	आनंद विहार टर्मिनल	10:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
05220	आनंद विहार टर्मिनल	12:00	मुजफ्फरपुर जं.	09:45		शनिवार	28.11.2026 तक
05193	छपरा जं.	14:00	पठानकोट	22:15	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
05194	पठानकोट	00:30	छपरा जं.	09:15		बुधवार	25.11.2026 तक
02417	प्रयागराज जं.	21:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में चार दिन	रवि, सोम, गुरु, शुक्र	14.12.2026 तक
02418	शकूर बस्ती	21:30	प्रयागराज जं.	09:15		बुध, गुरु, शनि, रवि	17.12.2026 तक
04163	नारायणपुर बाजार	18:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में तीन दिन	मंगल, बुध, शनि	16.12.2026 तक
04164	शकूर बस्ती	21:30	नारायणपुर बाजार	12:25		सोम, मंगल, शुक्र	15.12.2026 तक
03257	दानापुर	07:30	आनंद विहार टर्मिनल	00:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
03258	आनंद विहार टर्मिनल	05:00	दानापुर	20:45		सोमवार	30.11.2026 तक
05301	मऊ जं.	04:40	अंबाला कैंट जं.	03:55	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
05302	अंबाला कैंट जं.	05:45	मऊ जं.	04:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक
05085	छपरा जं.	13:05	आनंद विहार टर्मिनल	09:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05086	आनंद विहार टर्मिनल	10:50	छपरा जं.	07:00		बुधवार	25.11.2026 तक
03435	मालदा टाउन	09:30	आनंद विहार टर्मिनल	13:40	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
03436	आनंद विहार टर्मिनल	14:50	मालदा टाउन	22:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
02877	रांची जं.	16:25	आनंद विहार टर्मिनल	18:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
02878	आनंद विहार टर्मिनल	19:30	रांची जं.	19:10		रविवार	29.11.2026 तक
04123	प्रयागराज जं.	14:50	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	सप्ताह में दो दिन	बुधवार, रविवार	29.11.2026 तक
04124	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	प्रयागराज जं.	09:10		गुरुवार, सोमवार	30.11.2026 तक
05101	गोरखपुर जं.	16:00	शकूर बस्ती	11:05	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
05102	शकूर बस्ती	13:15	गोरखपुर जं.	08:30		सोमवार	30.11.2026 तक
03107	कोलकाता	23:50	आलमनगर	19:45	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
03108	आलमनगर	01:45	कोलकाता	22:30		शनिवार	28.11.2026 तक
04183	प्रयागराज जं.	15:25	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	साप्ताहिक	मंगलवार	01.12.2026 तक
04184	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	प्रयागराज जं.	09:10		बुधवार	02.12.2026 तक
03437	मालदा टाउन	10:00	हरिद्वार जं.	17:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
03438	हरिद्वार जं.	18:35	मालदा टाउन	23:55		रविवार	29.11.2026 तक
01705	जबलपुर जं.	19:40	अयोध्या धाम जं.	11:25	साप्ताहिक	मंगलवार	29.12.2026 तक
01706	अयोध्या धाम जं.	13:30	जबलपुर जं.	06:45		बुधवार	30.12.2026 तक
09309	इंदौर जं.	17:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	27.11.2026 तक
09310	हज़रत निज़ामुद्दीन	08:20	इंदौर जं.	21:00		शनिवार, सोमवार	28.11.2026 तक
09257	भावनगर टर्मिनस	14:20	शकूर बस्ती	10:55	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
09258	शकूर बस्ती	13:15	भावनगर टर्मिनस	08:50		शनिवार	28.11.2026 तक
09203	वेरावल जं.	16:05	हरिद्वार जं.	20:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09204	हरिद्वार जं.	21:30	वेरावल जं.	09:45		बुधवार	25.11.2026 तक
09523	ओखा	10:20	शकूर बस्ती	10:35	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09524	शकूर बस्ती	13:15	ओखा	13:00		बुधवार	25.11.2026 तक
09425	साबरमती बीजी	18:45	हरिद्वार जं.	20:30	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
09426	हरिद्वार जं.	21:45	साबरमती बीजी	22:30		मंगलवार	24.11.2026 तक
04811	बाड़मेर	04:15	हरिद्वार जं.	04:10	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, गुरुवार	30.11.2026 तक
04812	हरिद्वार जं.	05:15	बाड़मेर	06:35		मंगलवार, शुक्रवार	01.12.2026 तक
09611	अजमेर जं.	19:45	योग नगरी ऋषिकेश	12:50	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09612	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	अजमेर जं.	09:55		गुरुवार	26.11.2026 तक
09639	मदार जं.	04:30	रोहतक जं.	12:50	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल बुध	30.11.2026 तक
09640	रोहतक जं.	13:20	मदार जं.	22:35		गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
09609	उदयपुर सिटी	13:45	योग नगरी ऋषिकेश	10:15	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09610	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	उदयपुर सिटी	15:30		बुधवार	25.11.2026 तक
01703	जबलपुर जं.	15:30	हरिद्वार जं.	14:20	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
01704	हरिद्वार जं.	15:10	जबलपुर जं.	16:20		शुक्रवार	20.11.2026 तक
01707	जबलपुर जं.	20:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:25	साप्ताहिक	शनिवार	14.11.2026 तक
01708	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	जबलपुर जं.	09:30		रविवार	15.11.2026 तक
09093	उधना जं.	07:25	अयोध्या कैंट	10:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	13.11.2026 तक
09094	अयोध्या कैंट	14:45	उधना जं.	17:15		शनिवार	14.11.2026 तक
09097	उधना जं.	06:45	अयोध्या कैंट	11:30	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09098	अयोध्या कैंट	13:30	उधना जं.	17:30		बुधवार	25.11.2026 तक
02456	नई दिल्ली	07:45	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में चार दिन	सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02455	कानपुर सेंट्रल	15:00	नई दिल्ली	20:20		सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02458	आनंद विहार टर्मिनल	07:20	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में तीन दिन	मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
02457	कानपुर सेंट्रल	15:00	आनंद विहार टर्मिनल	20:10		मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
05005	बढ़नी	15:10	जालंधर सिटी जं.	08:30	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
05006	जालंधर सिटी जं.	10:50	बढ़नी	04:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
01483	खडकी	17:30	हज़रत निज़ामुद्दीन	18:10	सप्ताह में दो दिन	मंगलवार, शुक्रवार	20.11.2026 तक
01484	हज़रत निज़ामुद्दीन	22:10	खडकी	22:15		बुधवार, शनिवार	21.11.2026 तक
07621	हज़ूर साहिब नांदेड़	08:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
07622	हज़रत निज़ामुद्दीन	21:40	हज़ूर साहिब नांदेड़	00:35		रविवार	29.11.2026 तक
07021	चर्लपल्ली	19:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	02:00	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
07022	हज़रत निज़ामुद्दीन	04:00	चर्लपल्ली	13:50		बुधवार	02.12.2026 तक
07023	चर्लपल्ली	19:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
07024	हज़रत निज़ामुद्दीन	07:15	चर्लपल्ली	17:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
09617	उदयपुर सिटी	21:15	दिल्ली सराय रोहिल्ला	11:15	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09618	दिल्ली सराय रोहिल्ला	13:45	उदयपुर सिटी	04:00		गुरुवार	26.11.2026 तक
01045	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	07:35	अयोध्या कैंट	10:15	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, शुक्रवार	27.11.2026 तक
01046	अयोध्या कैंट	13:50	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	17:15		मंगलवार, शनिवार	28.11.2026 तक
01913	खजुराहो	22:15	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:00	सप्ताह में तीन दिन	सोम, बुध, शनि	18.11.2026 तक
01914	हज़रत निज़ामुद्दीन	12:30	खजुराहो	03:30		मंगल, गुरु, रवि	19.11.2026 तक
06073	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	14:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:50	साप्ताहिक	सोमवार	16.11.2026 तक
06074	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:45	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	16:30		गुरुवार	19.11.2026 तक
04209	वाराणसी जं. वाया लखनऊ (एनआर)	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में तीन दिन	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50		मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या कैंट वाया लखनऊ (एनआर)	18:20	आनंद विहार ट.	06:10	सप्ताह में दो दिन	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार ट.	09:00	अयोध्या कैंट	22:00		सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. वाया लखनऊ (एनआर)	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में दो दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं.	06:00	वाराणसी जं.	00:55		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

चिंतन

पर्यावरण के प्रति निभानी होगी जिम्मेदारी भी



मुद्दा
ज्ञानेन्द्र रावत

हवा में घुलता जहर अब किसी एक शहर, राज्य या वर्ग की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि इससे पूरा देश त्रस्त है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा-पंजाब के कई शहर तो गैस के चैंबर बन चुके हैं। यहां लोगों का सांस लेना भी दुर्भर हो रहा है। देश के कई शहरों में प्रदूषण का स्तर भयावह स्थिति में पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि समस्या की जड़ें कितनी गहरी हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण है कि सरकार और अदालतें जितने अधिक आदेश और पाबंदियां लगाएंगी, उनके उल्लंघन की आशंका भी उतनी ही बढ़ेगी। सवाल वाजिब है कि क्या केवल सख्त नियम बनाकर स्वच्छ हवा सुनिश्चित की जा सकती है? निश्चित रूप से नहीं। इसके लिए सरकारी इच्छाशक्ति के साथ नागरिकों की जिम्मेदारी और व्यवहार में बदलाव भी जरूरी है। लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, तभी हम साफ हवा में सांस ले पाएंगे। प्रदूषण की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 391 तक पहुंच गया, जबकि कई निगरानी केंद्रों पर यह 400 के पार दर्ज किया गया। हरियाणा, पंजाब, यूपी और राजस्थान में भी यह 400 के करीब रहा। इन आंकड़ों के बीच यह समझना जरूरी है कि प्रदूषण अब केवल दिल्ली की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य का गंभीर खतरा बन चुका है। ग्रैप-3 लागू होने के बावजूद यदि हवा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा तो व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदूषण के लिए केवल पराली जलाने वाले किसानों को जिम्मेदार ठहराने की प्रवृत्ति पर सवाल उठाया है। पांच नवंबर को दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी महज 14 प्रतिशत थी। इसका अर्थ है कि शेष प्रदूषण के लिए वाहन, उद्योग, निर्माण गतिविधियां, सड़क की धूल, ऊर्जा उत्पादन और कचरा जलाने जैसे स्रोत भी जिम्मेदार हैं। महंगी और बड़ी गाड़ियों से निकलने वाला धुआं हो या निर्माण स्थलों पर उड़ती धूल, इन पर प्रभावी नियंत्रण के बिना प्रदूषण से लड़ाई अधूरी रहेगी। अदालत की यह चिंता भी गंभीर है कि प्रदूषण का सबसे अधिक नुकसान गरीब और कमजोर वर्ग को उठाना पड़ता है। जिनके पास महंगे एयर प्यूरीफायर, बेहतर आवास और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं, उन्हें जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक है। असल जरूरत प्रदूषण नियंत्रण को मौसमी अभियान के बजाय सालभर की प्राथमिकता बनाने की है। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना, उद्योगों के उत्सर्जन की नियमित निगरानी, निर्माण स्थलों को ढकना, सड़कों की नियमित सफाई और कचरा जलाने पर प्रभावी रोक जैसे उपाय निरंतर लागू करने होंगे। साथ ही नागरिकों को भी निजी वाहनों का अनावश्यक इस्तेमाल छोड़ने, कचरा नहीं जलाने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने की जरूरत है। अदालतें दिशा दे सकती हैं, सरकारें नियम बना सकती हैं और प्रशासन कार्रवाई कर सकता है, लेकिन स्वच्छ हवा का लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब हर नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी समझेगा। पर्यावरण संरक्षण किसी एक विभाग या अदालत का दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है। आखिर सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा किसी की सुविधा नहीं, हर नागरिक का अधिकार है। इसे बचाने के लिए जिम्मेदारी भी सबको निभानी होगी।

भीषण प्रदूषण की मार से कराहते लोग

आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। जहां तक मुझे याद आता है आज से तकरीब चौदह-पंद्रह साल पहले की बात है, एक अमेरिकी पत्रकार ने अपने विदाई संदेश में लिखा था कि - 'वह दिल्ली इसलिए छोड़कर जा रहा है कि अमेरिकी दूतावास में प्रदूषण जांचने वाली मशीन बता रही है कि यहां उसके बच्चे की सेहत को खतरा है।' उस वक्त यह कहा गया था कि अमेरिकी दूतावास समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। कुछ समय बाद जब दिल्ली में सरकारी प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित किए गए, तब उन्होंने भी इस बात की पुष्टि की कि समस्या वाकई गंभीर है। उस समय कहा गया था कि यहां की आबोहवा में हद से भी अधिक पीएम 2.5 की मौजूदगी से न सिर्फ बच्चे समय पूर्व अस्थमा के शिकार हो सकते हैं, बल्कि गर्भवती महिलाएं ऐसे बच्चों को जन्म दे सकती हैं,जो तमाम तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ-साथ कम वजन के शिकार होंगे।

पीएम 2.5 के ऐसे सूक्ष्म कण तो बुजुर्गों के लिए बेहद घातक हो सकते हैं। असलियत में तकरीबन 14-15 साल बाद आज देश की राजधानी के हालात वास्तव में न सिर्फ उससे भी ज्यादा खराब हैं बल्कि बेहद भयावह हैं। हालात की गंभीरता का सबूत यह है कि पिछले कुछ सालों से डॉक्टर दिल्ली के लोगों को सर्दियों के इन महीनों में बाहर पहाड़ी इलाकों में जाने की सलाह देते हैं ताकि यहां की जहरीली हवा से उनकी जान बच सके। आने वाले दिनों में हवा और ज्यादा प्रदूषित होने के आसार हैं। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता। सीपीसीबी इसकी पुष्टि करता है। जबकि केन्द्र सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम, एनसीएपी लागू किया था जिसमें अभी तक मामूली सफलता ही हाथ लगी है। राज्य और नगर निगम एनसीएपी के तहत मिले फंड का 70 फीसदी हिस्सा ही खर्च कर पाये हैं। उसमें भी सरकार ने बजटीय आवंटन का अधिकांश हिस्सा स्थायी सुधारों जैसे सार्वजनिक परिवहन के बजाय केवल सड़कों पर पानी छिड़कने व मैकेनाइज्ड स्वीपिंग जैसी तात्कालिक गतिविधियों पर ही खर्च किया है। अब सरकार दावा कर रही है कि प्रदूषण पर वार के लिए 'वार रूम' तैयार है जिसके तहत प्रदूषण की निगरानी व्यवस्था बढ़ाई जाएगी और प्रदूषण की रियल टाइम मॉनीटरिंग और उस पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी। जबकि हकीकत में अभी तक कहीं-कहीं न तो वायु गुणवत्ता मापक यंत्र ही लग पाये हैं और न ही वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन ही लगे हैं। उस स्थिति में जबकि सर्दियां आते ही उत्तर भारत में हवा खराब होने लगती हैं। गिरता तापमान और रुकी हुई हवायें जहरीले धुंए को जमीन के पास रोक लेती हैं जिससे दिल्ली और आसपास के मैदानी इलाकों में एक दम घोंटने वाली धुंध छा जाती है। इससे लोग परेशान होते हैं और उनके लिए सांस लेना भी दूभर हो जाता है। फिर इसमें बीते 25 सालों में दिल्ली में हुए बेतरतीब विकास ने पारिस्थितिकी को बड़ी क्षति पहुंचायी है, जिसकी कीमत प्रदूषण के रूप में जनता को चुकानी पड़ रही है। नतीजतन प्रदूषण से दिल्ली हांफ रही है। हकीकत में देश की राजधानी दिल्ली



का बेतरतीब फैल रहे भारत के शहरों में पांचवां स्थान है जिसका अहम कारण कमजोर योजना, बिखरा प्रशासन, असमान सेवाओं के चलते उत्पादकता और जीवन गुणवत्ता का बुरी तरह प्रभावित होना है। यहां पिछले 15 सालों में आबादी 37.5 फीसदी की दर से बढ़कर 2.30 करोड़ के पास पहुंच गई है लेकिन आबादी के हिसाब से यहां सुविधायें आज भी अधूरी हैं। आंकड़े इसके जीते-जागते सबूत हैं। शोधों के अनुसार वायु प्रदूषण गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत पर भी असर डाल रहा है। प्रदूषण की वजह से मां के पेट में भ्रूण का विकास प्रभावित हो रहा है, नतीजतन कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं। इससे उनका कद भी घट रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ रहा है। यही नहीं, वायु प्रदूषण बच्चों के फेफड़ों, उनकी बुद्धिमत्ता, याददाश्त, सीखने की क्षमता और एकाग्रता पर भी असर डाल रहा है। बिगड़ती हवा से बच्चों में सांस की बीमारी 10 साल पहले की तुलना में 47 फीसदी बढ़ गयी है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण यानी पीएम 2.5 कम उम्र में ही आंखों में मोतियाबिन्द और ग्लूकोमा यानी काला मोतिया का कारण बन रहा है। सबसे दुखदायी तो यह है कि वायु प्रदूषण के संपर्क से आत्महत्या या आत्मघाती विचारों का खतरा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण से इंसानी फेफड़े बेदम हो रहे हैं। यह हमारे दिमाग की धार को कुंद कर रहा है। जहां तक दिल्ली वालों का सवाल है, उनके तो फेफड़े काले हो रहे हैं। और तो और यह रक्त वाहिकाओं पर भी असर डाल रहा है। यह दिल के मर्ज को जानलेवा बना रहा है। यह दिल के लिए मधुमेह और कोलेस्ट्राल से भी घातक साबित हो रहा है। अब इसका असर हृदय, फेफडों, सांस, त्वचा, दमा, पाचन तंत्र, मस्तिष्क से जुड़े रोगों को ही प्रभावित नहीं कर रहा, हड्डियों, श्वसन व प्रजनन तंत्र से भी काफी आगे बढ़ गया है। यह शरीर के हरेक अंग को प्रभावित कर रहा है। यह कैंसर और मैटाबोलिक विकार को भी पार कर गया है। इससे डिमेंशिया का खतरा बढ़ गया है। यही नहीं, उच्च वायु प्रदूषण और गंदी हवा में रहने वाले बच्चों के आईक्यू स्कोर में मौजूद प्रदूषक तत्व बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उनकी सोचने-समझने की क्षमता और व्यवहार पर भी बुरा असर डाल रहे हैं। यह स्थिति अवसाद और चिंता के जोखिम को और बढ़ा देती है। वायु प्रदूषण अब कम उम्र में आंखों की रोशनी छीन रहा है। यातायात सम्बंधी प्रदूषण इन समस्याओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निबाह रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार पीएम कण इतने सूक्ष्म हैं कि वे शरीर के माध्यम से सीधे मस्तिष्क में पहुंच कर दिमाग में आक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन पैदा कर रहे हैं। सबसे दुखदायी स्थिति यह है कि 15 साल से कम उम्र के 2.02 करोड़ बच्चे इस प्रदूषण के शिकार हैं। हकीकत है कि वायु प्रदूषण से हर साल तकरीबन बीस लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। भारत में सभी श्वसन संबंधी मौतों में से एक तिहाई से अधिक वायु गुणवत्ता से जुड़ी हैं। वायु प्रदूषण से जुड़ी होने वाली ज्यादातर स्वास्थ्य समस्याएं एयरोसोल से जुड़ी होती हैं जिसके कण मानव आंखों को मुश्किल से दिखाई देते हैं जो जलवायु, मौसम और शरीर में विषाक्तता सम्बंधी प्रतिक्रियाओं को जन्म देते हैं। इसके लम्बे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

> आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता की जरूरत

आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस है। कैंसर भारत सहित दुनिया भर में गैर-संचारी रोगों की वजह से होने वाली बीमारियों एवं मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। भारत में कैंसर का खतरा लगातार बढ़ रहा है। 29 अप्रैल, 2026 को जारी राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यालय (एनसीआरपी) की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 2 लाख, 31 हजार 671 नए कैंसर मामलों का अनुमान लगाया गया है, जो कि देश के सभी राज्यों में सबसे ज्यादा है। 2030 तक यह आंकड़ा 2 लाख, 54 हजार तक पहुंचने का अनुमान है। इसी तरह आंध्रप्रदेश में 65000, असम में 51734, तेलंगाना में 46762 कैंसर के नए मामले सामने आए हैं। देश के अन्य राज्यों की भी तकरीबन ऐसी ही स्थिति है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 8 जुलाई, 2026 को अपनी ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन कैंसर 2026 जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में भारत में कैंसर के 15.6 लाख नए मामले दर्ज किए गए हैं। भारत में 2024 के दौरान कैंसर से 9,01,828 मौतें हुई, जबकि करीब 33.2 लाख लोग निदान के बाद जीवन जी रहे हैं। वैश्विक स्तर पर बात करें तो वर्ष 2024 में विश्व भर में कैंसर के लगभग 2.06 करोड़ नए मामले सामने आए हैं और लगभग एक करोड़ लोगों की मौत हुई है। माना जा रहा है कि अगर इस स्थिति पर नियंत्रण नहीं लगा तो वर्ष 2050 तक कैंसर के नए मामलों की संख्या 3.5 करोड़ वार्षिक तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर पांच में से एक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कभी न कभी कैंसर होने की आशंका है। इसके अलावा परिवार के किसी सदस्य के निदान को शामिल करें तो लगभग 92 फीसद लोग किसी न किसी रूप में इस बीमारी से प्रभावित होते हैं। अच्छी बात यह है कि 2010 से वैश्विक स्तर पर तंबाकू के उपयोग में 27 फीसद की गिरावट आई है जिससे फेफड़ों के कैंसर के मामलों में कुछ कमी आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हर साल कैंसर के उपचार में पूरी दुनिया में 320 अरब डॉलर का निवेश किया जाता है तो कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या आधी हो जाएगी। अगर सर्वाइकल व स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाएं समय रहते पपानीकोलाउ (पैप) स्मीयर और मैमोग्राम स्क्रीनिंग टेस्ट कराकर तुरंत इलाज कराएं तो इस भयंकर बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आईएमआरसी के मुताबिक बेहतर उपचार होने की स्थिति में बचने वाले पांच मरीजों में से चार विकासशील देशों के होंगे। विडंबना है कि कैंसर पीड़ित मरीजों विशेषकर महिलाओं में इस भयावह बीमारी को लेकर जागरूकता का घोर अभाव है और दूसरा तथ्य यह भी कि उन्हें समय पर इलाज भी नहीं मिल रहा है। भारत की बात करें तो तकरीबन 15 लाख कैंसर के नए मामले हर वर्ष सामने आते हैं। एक रिपोर्ट सें उद्घाटित हो चुका है कि हर आठ मिनट में ग्रीवा के कैंसर से एक महिला की मौत होती है। हर दिन दो हजार से अधिक लोगों की मौत तंबाकू सेवन से उपजे कैंसर के कारण होती है। 19 वर्ष की उम्र तक हर वर्ष तकरीबन 50 हजार बच्चे कैंसर के शिकार होते हैं। 20 हजार बच्चे इलाज के अभाव में और 30 फीसदी बच्चे जांच न हो पाने के कारण दम तोड़ देते हैं। अच्छी बात यह है कि 2016-18 के दौरान 'वी कैन, आई कैन' की थीम निर्धारित किए जाने के बाद कैंसर को लेकर जागरूकता बढ़ी है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के सामूहिक व व्यक्तिगत स्तर पर वैश्विक रूप से कैंसर की रोकथाम की दिशा में प्रयास करना है। देखा भी जा रहा है कि इस थीम के तहत लोग अपनी जीवनशैली को स्वस्थ रखकर तथा परिवार एवं समुदाय को इसके प्रति जागरूक रखकर कैंसर की रोकथाम और उससे बचाव की दिशा में अहम योगदान कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि गत वर्ष अमेरिकन कैंसर सोसायटी और प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल लैंसेट ने दावा किया जा चुका है कि वर्ष 2030 तक कैंसर से होने वाली मौतों में 60 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। उसके मुताबिक कैंसर से सालाना 55 लाख महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता है। दरअसल, विशेषज्ञों ने शोध में पाया है कि वर्तमान समय में दुनिया की प्रत्येक 7 महिलाओं की मौतों में एक की मौत कैंसर से हो रही है। अगर नियमित शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा दिया जाए तो इससे शरीर संतुलित रहेगा और एक तिहाई कैंसर के मामले रोके जा सकते हैं।विश्व कैंसर दिवस के संस्थापक 'यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल का दावा है कि विकासशील देश में फैली कैंसर की बीमारी उपचार के विकल्प की कमियों का नमूना भर है। यूनियन का कहना है कि अगर 'एचपीवी टीका' को कैंसर के मरीजों के बीच अच्छी तरह वितरित किया जाए और जागरूकता प्रसारित किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को समाप्त किया जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भाकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

एक सत्संग ऐसा भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

अंतर्मन



आज की पाती

अपनों के साथ मनाएं दिवाली

दुनिया का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भारत सहित दुनियाभर के अनेक देशों में मनाया जाता है। दीपावली के त्योहार का आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक महत्व है। यही वजह है कि भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोगों को हर वर्ष दीपावली के पर्व का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। वर्तमान आधुनिकता के इस दौर में जहां हर चीज का स्वरूप आधुनिक और स्मार्ट होता जा रहा है, वहीं धार्मिक एवं सामाजिक त्योहार भी आधुनिकता के प्रभाव से अछूते नहीं रह पाए हैं। आज भारत के त्योहार हों या दुनिया के अन्य देशों के पर्व, सभी पर आधुनिकता का आवरण चढ़ता जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आधुनिक युग की स्मार्ट पीढ़ी त्योहारों के पौराणिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व से अनजान होती जा रही है।

- ऋषि सिंघल, रेवाड़ी

ट्रेंड

वोटर आईडी से पात्रता



मोदी सरकार के एक मंत्री ने घोषणा की है कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्रता अब आधार से नहीं, बल्कि वोटर आईडी से तय होगी। यह खतरनाक साजिश है। एसआईआर के नाम पर वोटर लिस्ट से लाखों लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं। इसे नहीं रोका गया तो और भी नाम हटा दिए जाएंगे। - राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस


बैडमिंटन में सिल्वर मेडल



सिर्फ 15 साल की उम्र में, तन्वी पात्री ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर भारत को गौरवान्वित किया है। यूथ ओलंपिक खेलों में बैडमिंटन में सिल्वर मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई। हम उनके लिए और भी कई उपलब्धियों की कामना करते हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

यूजीसी नियम



यूजीसी नियमों के संबंध में केंद्र सरकार का सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखा सुझाव अत्यंत स्वागत योग्य है। हमें पूरा विश्वास है कि इस समीक्षा से एक ऐसा संतुलित निर्णय निकलेगा जो सभी के हितों की रक्षा करेगा।

- रवि शंकर प्रसाद, सांसद, बीजेपी

खेल सामान का निर्माण



खेल के सामान के निर्माण के लिए 1,856 करोड़ रुपये की पहल का स्वागत है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हम निर्माण क्षमता (मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी) विकसित कर रहे हैं या वास्तव में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता ?

- अभिनव ए. बिंद्रा, ओलंपियन

करंट अफेयर

अमेरिकी राज्यों के गवर्नरों ने दिवाली समारोह किए आयोजित



अमेरिका के पांच प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्रीय राज्यों के गवर्नरों और 20 से अधिक मेयरों ने पहली बार राज्य की राजधानियों और सिटी हॉल में दिवाली उत्सव की मेजबानी की है, जहां नेताओं ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय की विविधता और योगदान की सराहना की। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बृहस्पतिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि दिवाली समारोह मध्य अक्टूबर में शुरू हुए थे और 10 नवंबर तक जारी रहेंगे, जब ओरेगन के गवर्नर सलेम में अंतिम समारोह की मेजबानी करने वाले हैं। इन समारोहों में अमेरिकी सीनेटरों, अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्यों, स्थानीय मेयरों और बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेताओं ने भाग लिया। इस क्षेत्र के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने अपने-अपने राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय-अमेरिकी समुदाय की भूमिका और योगदान की सराहना की और सांस्कृतिक विविधता के महत्व पर जोर दिया। पिछले महीने इडाहो स्टेट कैपिटल में समारोह को संबोधित करते हुए, गवर्नर ब्रैड लिटिल ने कहा कि इडाहो राज्य को एक ' 'जीवंत भारतीय समुदाय पर गर्व है जो अपने कारोबारों, व्यवसायों, सेवा और नागरिक भागीदारी के माध्यम से हमारे राज्य में बहुत योगदान देता है।

ऑफ बीट

बलीन व्हेल अब तक की सबसे बड़ी जीवित जीव



बलीन व्हेल समुद्र की रानी होती हैं, जो अब तक जीवित सबसे बड़े जीव हैं। रिकॉर्ड धारी ब्लू व्हेल (बैलेनोप्टेरा मस्कुलस) है, जो 30 मीटर तक की लंबाई तक पहुंच सकती है। यह बास्केटबॉल कोर्ट से भी लंबा है। हालाँकि, उनके पूरे विकासवादी इतिहास में, अधिकांश बलीन व्हेल अपेक्षाकृत बहुत छोटी थीं, लंबाई में लगभग पाँच मीटर। हालांकि अधिकांश जानवरों की तुलना में यह आकार अभी भी बड़ा है, लेकिन एक बलीन व्हेल के लिए यह काफी छोटा है। हालाँकि, दक्षिणी गोलार्ध से नई जीवाश्म खोजें इस कहानी को बदलने वाली हैं। इनमें नवीनतम दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में मुर्रे नदी के तट से मिला एक जीवाश्म है। लगभग 1.9 करोड़ वर्ष पुराना, यह जीवाश्म एक बलीन व्हेल के निचले जबड़े (या 'ठोड़ी') की नोक है, जिसकी लंबाई लगभग नौ मीटर है, जो इसे अपने समय का नया रिकॉर्ड धारक बनाता है। यह खोज आज प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी : बायोलॉजिकल साइंसेज जर्नल में प्रकाशित हुई है। अधिकांश स्तनधारियों के मुँह में दाँत होते हैं। बलीन व्हेल एक अजीब अपवाद हैं। जबकि उनके पूर्वजों के दांत थे, आज की बलीन व्हेल के पास बलीन है, जो महीन, बाल जैसे केराटिन का एक बड़ा रैक होता है जिसका उपयोग पानी से छोटे क्रिल को छानने के लिए किया जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

रणजी ट्रॉफी : त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को हराकर किया बड़ा उलटफेर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के घरेलू क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी का रोमांच जारी है। इसके चौथे राउंड में आखिरकार पृथ्वी शॉ रंग में नजर आए,जिसके चलते महाराष्ट्र की टीम ने बंगाल के विजयी अभियान को रोक दिया। वहीं, इस सीजन 400 रन की पारी से रिकॉर्ड बनाने वाले मिजोरम के चिन्मय सुतार ने एक बार फिर 175 रन की पारी खेलकर बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है।

अब पूरी दुनिया में फर्स्ट क्लास क्रिकेट की पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके नाम हो गया है। चिन्मय के अलावा रणजी ट्रॉफी की कमजोर मानी जाने वाली त्रिपुरा की टीम ने भी बड़ा उलटफेर कर डाला। त्रिपुरा ने पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र को 133 रन से हराकर सभी को चौंका दिया।



त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को चौंकाया

अगरतला के मैदान पर खेले गए मुकाबले में त्रिपुरा की टीम से श्रीदम पॉल ने 136 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाकर 86 रन की पारी खेली थी, जिससे त्रिपुरा की टीम ने पहली पारी में 268 का फाइटिंग टोटल बनाया। इसके मुकाबले सौराष्ट्र का कोई भी बल्लेबाज त्रिपुरा की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सका। नतीजा यह रहा कि सौराष्ट्र की पहली पारी 118 रन पर सिमट गई। पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली त्रिपुरा ने दूसरी पारी में 191 रन का टोटल बनाया और सौराष्ट्र को चेज करने के लिए 342 का विशाल स्कोर दिया, जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम 208 रन ही बना सकी और त्रिपुरा ने 133 रन के बड़े अंतर से पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र की टीम को ढेर कर दिया।



सुतार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड से दिलाई जीत

मिजोरम की टीम से खेलने वाले चिन्मय सुतार ने रणजी ट्रॉफी सीजन में बल्ले से रनों की सुनामी ला रखी है। नागालैंड के खिलाफ 400 रन की नाबाद पारी खेल डाली थी। इसके बाद मेघालय के खिलाफ 125 रन और अब अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 175 रन की मैराथन पारी खेल डाली। इस तरह फर्स्ट क्लास क्रिकेट की दुनिया में पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने वाले चिन्मय दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। अरुणाचल प्रदेश की टीम 285 और 257 रन ही बना सकी. इसके चलते मिजोरम को पारी और 29 रन से जीत मिली।

हैदराबाद की एक विकेट से रोचक जीत

हैदराबाद के खिलाफ सिकंदराबाद के मैदान पर छत्तीसगढ़ की टीम ने पहली पारी में 284 रन का मजबूत स्कोर बनाया। मिलिंद ने तीन विकेट तो तीन विकेट रक्षण रेड्डी ने भी झटके। इसके बाद हैदराबाद के लिए राहुल रदेश ने 72 रन की पारी खेली तो उनकी टीम 280 रन ही बना सकी और पहली पारी के आधार पर छत्तीसगढ़ से चार रन पीछे रही। दूसरी पारी में छत्तीसगढ़ ने 254 रन का टोटल बनाया और मयंक वर्मा ने सबसे अधिक 81 रन की पारी खेली, जिससे छत्तीसगढ़ ने हैदराबाद को जीत के लिए 259 रन का लक्ष्य दिया था। 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के एक समय 220 रन पर 9 विकेट गिर गए थे। अनिकेत ने 39 रन तो रक्षण ने 15 रन की नाबाद पारी खेली। इन दोनों ने दसवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी करके टीम को हारे हुए मैच में एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।

खबर संक्षेप



पीएम मोदी से मिले सूर्यकुमार यादव

नई दिल्ली। सूर्यकुमार यादव ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूर्यकुमार के साथ उनकी पत्नी देविशा, उनकी नवजात बेटी, उनकी साली दीक्षा, उनके साले अजय शेट्टी और उनकी साली के दो बच्चे राम और सरयू भी थे। इस मुलाकात के दौरान सरयू ने मोदी के सामने एक कन्नड़ गीत भी गाया, जिसे प्रधानमंत्री ने बहुत पसंद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'दीपावली के माहौल में राम और सरयू का आगमन हुआ है। इससे दीपावली का वातावरण और भी पावन एवं दिव्य हो गया है।' भारत ने सूर्यकुमार की अगुवाई में इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया था लेकिन इसके बाद खराब फॉर्म के कारण वह टीम में जगह नहीं बना पाए थे।

चीन चैंपियनशिपः प्रणवी ने किया कट में प्रवेश



शेनजेन। शीर्ष गोल्फर प्रणवी उर्स चीन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलकर कट में प्रवेश करने में सफल रहीं। प्रणवी ने शुरुआती दौर में पार 73 का कार्ड खेला था। 36 होल का खेल पूरा होने के बाद वह कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर हैं। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता प्रणवी ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। कट भी एक अंडर के स्कोर पर तय हुआ, जिसमें 67 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। शुरुआती दो दौर के खेल के बाद 20 वर्षीय स्थानीय खिलाड़ी लिकी जेंग 12 अंडर पार के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ हसन महमूद ने चटकाए 6 विकेट



सिलहट। बांग्लादेशी तेज गेंदबाज हसन महमूद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 6 विकेट चटकाए। इसी के साथ हसन ऑस्ट्रेलियाई स्टार नाथन लियोन के बाद ऐसे दूसरे गेंदबाज बन गए, जिन्होंने अपने पहले पांच 'फाइव-विकेट हॉल' पांच अलग-अलग देशों में लिए। हसन महमूद ने सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में 24 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 90 रन देकर 6 शिकार किए। इस दौरान एक ओवर मेडन निकाला। टेस्ट क्रिकेट में यह महमूद का पांचवां 'फाइव-विकेट हॉल' है। महमूद ने साल 2024 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ 43 रन देकर 5 शिकार किए थे, जबकि साल 2024 में चेन्नई में भारत के विरुद्ध 83 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

आर्यवीर का धमाका, इंडिया अंडर-19 ने नेपाल को हराया



एजेंसी ▶▶| अल अमेरत

आर्यवीर सहवाग और लक्ष्य रायचंदानी के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी।

ईशान सूद (18 रन देकर 3 विकेट) और अर्जुन राजपूत (8 रन देकर 3 विकेट)) की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने नेपाल को 42.3 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद दिग्गज भारतीय खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर (नाबाद 70) और रायचंदानी (नाबाद 53) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने केवल 19.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 129 रन बनाकर 185 गेंद शेष रहते जीत हासिल की और इस तरह से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम का स्कोर एक समय चार विकेट पर 51 रन था। उसकी तरफ से दर्श सोनार ने 43 रन और आशीष लूथर के 29 रन का योगदान दिया। सूद ने नेपाल के शीर्ष क्रम को झकझोरा जबकि राजपूत ने पुछल्ले बल्लेबाजों को नहीं टिकने दिया।

आर्यवीर ने की आक्रामक बल्लेबाजी

भारत जब बल्लेबाजी के लिए उतरा तो रायचंदानी ने शुरू में तेजी दिखाई लेकिन इसके बाद आर्यवीर ने अपने आक्रामक तेवरों का शानदार नजारा पेश किया। उन्होंने 52 गेंद की अपनी पारी में 7 चौके और 4 छक्के लगाए। रायचंदानी 63 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 53 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत अपना अगला मैच रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वनडे आज

युवा पेसरों के दम पर सीरीज में बढ़त दोगुनी करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

भारत के अनुभवहीन लेकिन प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शनिवार को दूसरे वनडे में चौतरफा आक्रमण से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर श्रृंखला में भारत की बढत दुगुनी करने के इरादे से उतरेंगे।

श्रृंखला से पहले भारत के तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता पर काफी सवाल उठे थे लेकिन गुरनूर बराड़, अंशुल कम्बोज और अर्शदीप सिंह ने पहले मैच में यादगार प्रदर्शन करके सभी की धारणा बदल दी।

भारतीय गेंदबाजों को डालनी होगी 'फुललैंग्थ'

अभी तक हरफनमौलाओं के चयन पर जोर देने वाले मुख्य कोच गौतम गंभीर की पसंद भी इससे बदलती नजर आ रही है। ईडन पार्क की बाउंड्री छोटी और सीधी थी लेकिन यहां सीमारेखा छोटी होने के बावजूद आकार चौकोर है, जिसके कारण तेज गेंदबाजों को अपनी लैंग्थ में बदलाव करना होगा। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने आकलैंड में मेजबान टीम पर दबाव बनाया लेकिन यहां मैदान के आकार को देखते हुए उन्हें 'फुललैंग्थ' गेंद डालनी होगी।





कम्बोज को टेस्ट का मिला फायदा

अर्शदीप ने पहले मैच में सबसे ज्यादा विकेट लिए लेकिन कम्बोज ने 46 डॉट गेंद डाली। उन्होंने लगातार टेस्ट मैच वाली लैंग्थ से गेंदबाजी की, जिसका फायदा मिला। ईडन पार्क में अर्शदीप और आकिब नबी ने गेंदबाजी का आगाज किया लेकिन कम्बोज की गेंदों को मिल रही मूवमेंट को देखते हुए उन्हें नई गेंद सौंपी जा सकती है । चारों तेज गेंदबाजों में पहले मैच में सिर्फ नबी को विकेट नहीं मिला। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को उतारा जा सकता है बशर्ते वह उपलब्ध हों।

बल्लेबाजों को करना होगा प्रदर्शन में सुधार

फील्डिंग कोच शुभदीप घोष ने कहा, ' मुझे नहीं पता , यह टीम प्रबंधन तय करेगा।' बल्लेबाजी में रोहित शर्मा अच्छी पारी खेलना चाहेंगे, जो पहले मैच में पहले ओवर में ही आउट हो गए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया था। विराट कोहली ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी मर्जी से बाउंड्री लगाकर भारत को लक्ष्य का पीछा करके जीत दिलाने में मदद की। बाकी भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि शॉर्ट गेंद ने परेशान किया और उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। श्रेयस अय्यर कई शॉर्ट गेंद का सामना करने के बाद सस्ते में आउट हो गए।

कोंवे सीरीज से बाहर केली टीम में



वेलिंगटन। भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा जब उसके आक्रामक बल्लेबाज डेवोन कोंवे को अभ्यास के दौरान सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण बाकी मैचों से बाहर हो गए। कोंवे को पहले वनडे से पूर्व लंबी चोट के कारण आकलैंड में अस्पताल ले जाना पड़ा था। बाएं हाथ के बल्लेबाज निक केली को उनकी जगह शनिवार को होने वाले दूसरे मैच में टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह जानकारी दी। फील्डिंग के दौरान कोंवे की टक्कर मैट हेनरी से हुई थी हालांकि हेनरी कनकशन से बच गए हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं।

लंदन ओपन : क्वार्टर फाइनल में सेंथिलकुमार



लंदन। भारत के वेलावान सेंथिलकुमार ने लंदन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने पराग्वे के 124वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को मारकांटोनियो को 11-5, 11-7, 14- 12 से हराया। अब उनका सामना दुनिया के 99वें नंबर के खिलाड़ी आमिर खालिद जोसेलिन से होगा। भारत के 167वीं रैंकिंग वाले अयान वाजिराली पहले दौर में ऊंची रैंकिंग वाले बेन स्मिथ से हार गए।

यूईएफए यूरोपा लीग : ओलंपिक मार्सिले ने बायर लेवरकुसेन को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

अमीन गौरी के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से ओलंपिक मार्सिले ने यूईएफए यूरोपा लीग में बायर लेवरकुसेन पर 1-0 से जीत हासिल की। मेहमान टीम ने बेएरिना में बेहतर शुरुआत की।

गौरी ने पेनल्टी एरिया के अंदर एक लंबे पास को नियंत्रित करने और अपने मार्कर से बचने के बाद शुरुआती मौका गंवा दिया, लेकिन गोलकीपर मार्क फ्लेकेन ने उसे रोक दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों में से किसी ने भी लगातार आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं किया। मेजबान टीम 42वें मिनट में गोल करने के सबसे करीब पहुंची जब मिगुएल गुटिरेज का डिफ्लेक्टेड शॉट क्रॉसबार से टकराया। इसके बाद हाफटाइम से पहले जेरेल क्वांसाह का शॉट थोड़ा वाइड चला गया।



बैडमिंटन

युवा ओलंपिक : 15 साल की तन्वी ने जीती चांदी



एजेंसी ▶▶| इकार

भारत की तन्वी पात्री युवा ओलंपिक की एकल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई, जिन्हें फाइनल में चीन की झांग यि शिन ने हराया।

■ रजत पदक जीतने वाली बनीं पहली भारतीय महिला शटलर

1 घंटा और 22 मिनट तक चले मुकाबले में 15 साल की तन्वी को मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन ने 15-21, 21-13, 26-24 से हराया। तन्वी ने कहा,' यह उपलब्धि मेरे लिए काफी मायने रखती है और इससे आगे अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलेगी।' तन्वी से पहले भारत के एचएस प्रणय (2010) और लक्ष्य सेन (2018) ने युवा ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा,'तन्वी पात्री ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पंद्रह वर्ष की उम्र में रजत पदक जीतना असाधारण उपलब्धि और पूरे देश के लिये गर्व का पल है।'

आज से भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच चार दिवसीय मैच

टेस्ट सीरीज से पहले लय तलाशेंगे बुमराह-जडेजा

एजेंसी ▶▶| लिंकन

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले भारत ए की तरफ से खेलते हुए शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम चार दिवसीय मैच में अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेंगे।

बुमराह ने अपना आखिरी मैच एशियाई खेलों के फाइनल के रूप में 3 अक्टूबर को खेला था। इसके बाद उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत टी20 और मौजूदा वनडे श्रृंखला के लिए टीम में नहीं रखा गया था। वेलिंगटन में 19 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले बुमराह न्यूजीलैंड ए के खिलाफ मैच में यहां की परिस्थितियों से अवगत होने की पूरी कोशिश करेंगे।



चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध

भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला को काफी महत्व दिया है और इसलिए उसके कई सीनियर खिलाड़ी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं। इससे उन्हें यहां की हवादार और ठंडी परिस्थितियों के अनुकूल होने का मौका मिला है। हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध को भी टेस्ट क्रिकेट के लिए टीम में बरकरार रखा गया है। उन्होंने अपना आखिरी मैच 30 सितंबर को गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे के रूप में खेला था।

न्यूजीलैंड पहुंचे जडेजा

सौराष्ट्र के लिए दो रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद जडेजा न्यूजीलैंड पहुंचे हैं। उन्होंने इन दो मैच में 7 विकेट लिए और एक शतक बनाया। वनडे टीम में जगह नहीं बना पाने वाले जडेजा रणजी ट्रॉफी की अपनी फॉर्म को यहां भी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। इस श्रृंखला के पहले दो मैच ड्रॉ रहे थे।

शानदार फार्म में पडिक्कल और जुरेल

देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल ने हैगली ओवल में खेले गए पिछले मैच में नाबाद 155 रन की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। पहले मैच के बाद वनडे टीम से बाहर किए गए ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को भी लाल गेंद से खेलने का कुछ समय मिलने की उम्मीद है। पिछले दो मैचों में पिचें बल्लेबाजी के लिए अनुकूल साबित हुईं।

भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे
रोजगार सूचना सं. आरआरसी /एनआर 03/2026/एक्ट अपरेंटिस
सांकेतिक सूचना
आरआरसी वेबसाइटः www.rrcnr.org
उत्तर रेलवे में वर्ष 2026–27 हेतु विभिन्न मंडलों / इकाइयों / कार्यालयों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अपरेंटिस अधिनियम 1961 के तहत एक्ट अपरेंटिस को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 4651 के स्लॉट्स के लिए योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

महत्वपूर्ण तिथियाँ	
आरआरसी वेबसाइट पर विस्तृत अधिसूचना प्रकाशन की तिथि	06.11.2026
ऑनलाइन आवेदन करने की आरंभिक तिथि	11.11.2026
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय	11.12.2026 at 23:59 hrs.
मेरिट जारी करने की तिथि	February 2027

3911/26 अध्यक्ष / आरआरसी
"जालसाजों, दलालों, नौकरी दिलाने वालों और ठगों से सावधान रहें"



कई क्षेत्रों के लिए एआई मॉडल विकसित कर रहे

'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' लॉन्च, वैष्णव बोले भारत जल्द बनेगा दुनिया की 'एआई एप्लिकेशन राजधानी'

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति हो रही है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया की 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एप्लिकेशन राजधानी' बनने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रहा है। 'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' के लॉन्च के मौके पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे हैं और जैसे-जैसे यह तकनीक विकसित होगी, नए अवसर भी खुलेंगे।

■ वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे

जल्द भारत की अपनी ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) चिप होगी


केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

पोर्टल में गंभीर आवेदक ही ले सकेंगे हिस्सा

सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें केवल पूरी तरह भरी गई (कंप्लीट) एप्लिकेशंस ही स्वीकार की जाएंगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सेमीकंडक्टर उद्योग की गंभीर कंपनियां ही इसमें हिस्सा लें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसमें गैर-गंभीर आवेदकों के लिए कोई जगह नहीं है।

एप्लिकेशन पर फोकस

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम भारत को दुनिया की 'एप्लिकेशन राजधानी' बनाने पर पूरा जोर दे रहे हैं। उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है। हमारा उद्योग इन एप्लिकेशंस पर बहुत ज्यादा ध्यान दे रहा है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति भी हो रही है।

अहम इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों का निर्माण हो रहा

अश्विनी वैष्णव ने महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि आज हम पूरा बैटरी सेल बना रहे हैं। हम कॉपर फॉयल बना रहे हैं। हम पीसीबी के लिए कॉपर-क्लैड लैमिनेट बना रहे हैं। पूरी वैल्यू चेन में हम हर प्रोग्राम और हर मंजूरी के साथ गहराई से काम कर रहे हैं। यह कदम भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बीएसएफ जवानों पर हमला करने वाले 8 काबू

एजेंसी ▶▶ अगरतला

त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों पर कथित तौर पर हमला करने और उनमें से तीन को घायल करने के आरोप में आठ और लोगों को पकड़ा गया है। जिससे मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 18 हो गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तस्करी के संदेह में सिपाहीजाला जिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने के विरोध में सोमवार को आशाबारी सीमा चौकी के पास ग्रामीणों के एक समूह ने बीएसएफ कर्मियों पर हमला कर दिया था, जिसमें एक सहायक कमांडेंट समेत 3 जवान घायल हो गए थे।


सीएम साहा बैठक करते हुए

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार सिंह की दो टूक

शांति सैनिकों के खिलाफ हमलों के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं

शांति सैनिकों की सुरक्षा भारत की प्राथमिकता सूची में

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के खिलाफ हमलों के दोषियों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया है, और इस बात को प्रमुखता से उठाया है कि 'ब्लू हेल्मेट्स' (शांति सैनिकों) को विषम और तकनीकी खतरों का सामना करना पड़ रहा है। शांति स्थापना अभियानों के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा पर आयोजित वार्षिक परिचर्चा को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार, कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज के कर्मियों को विषम और तकनीकी रूप से उन्नत खतरों का सामना करना पड़ता है, और शांति सैनिकों पर हमला करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

सैनिकों को उन्नत खतरों का सामना करना पड़ रहा



कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह

कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत शांति सैनिकों की सुरक्षा को शांति स्थापना के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक मानता है। हम संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और एक ऐसे शांति स्थापना ढांचे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं

भारत ने 50 मिशन में सर्वाधिक 3 लाख सैनिक तैनात किए

कर्नल सिंह ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाले देशों में से एक है, जिसने अब तक 50 मिशनों में 3,00,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। भारत शांति सैनिकों की सुरक्षा को शांति स्थापना के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक मानता है। हम संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और एक ऐसे शांति स्थापना ढांचे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो बेहतर संसाधनों से युक्त, बेहतर रूप से सुरक्षित और स्वयं विश्व का अधिक प्रतिनिधित्व करने वाला हो।

184 भारतीय शांति सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

कर्नल सिंह ने उन 184 भारतीय शांति सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 'ब्लू हेल्मेट्स' के रूप में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस अनिवार्य उद्देश्य के लिए भारत की प्रतिबद्धता केवल दार्शनिक नहीं है; यह बुनियादी है, जो सात दशकों के परिचालन जुड़ाव में निहित है, और हमारे शांति सैनिकों के पसीने और खून से आकार लेती है।

वर्तमान में 160 भारतीय महिला शांति सैनिक तैनात

कर्नल सिंह ने 1960 से महिला शांति सैनिकों की भारत की तैनाती पर भी प्रकाश डाला, और इस विश्वास को दोहराया कि वे जनादेश को पूरा करने में केंद्रीय भूमिका में बनी हुई हैं। वर्ष 2007 में, भारत ने लाइबेरिया में पहली बार सर्व-महिला पुलिस इकाई की तैनाती की थी, जिसने वैश्विक स्तर पर प्रशंसा अर्जित की और यह निर्णायक रूप से सिद्ध किया कि महिला शांति सैनिक शांति स्थापना में विशिष्ट रूप से प्रभावी हैं।

कारोबारी किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। सीबीआई ने 904.32 करोड़ की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में फ्यूचर रिटेल लिमिटेड और जाने-माने कारोबारी किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। साथ ही, शुक्रवार को मुंबई में उनसे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में उनके भाई राकेश बियानी के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तहलका के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने जूनियर महिला सहकर्मी से रेप के मामले में मिली 10 साल की सजा पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी। तेजपाल पर नवंबर 2013 में गोवा के एक लग्जरी होटल की लिफ्ट में अपनी जूनियर सहकर्मी के साथ रेप करने का आरोप है।

बलूचिस्तान में बढ़ रहा अत्याचार पाक सेना ने 4 लोगों की हत्या की

एजेंसी ▶▶ क्वेटा

मानवाधिकार संगठन 'बलूच यकजेहती कमेटी' (बीवाईसी) ने आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में पाकिस्तानी फोर्स ने कम से कम चार नागरिकों की गैर-न्यायिक हत्या कर दी। 60 वर्षीय दुकानदार इलाही बख्श और 32 वर्षीय ड्राइवर मुनीर अहमद को जबरन गायब कर दिया गया था। बाद में 2 नवंबर को उनके शव 'नाल' क्षेत्र के 'लाघोरजार्ड' इलाके में फेंक दिए गए। बीवाईसी के अनुसार, 30 अक्तूबर को पाकिस्तान फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) के जवानों ने इलाही बख्श को उनके घर से जबरन उठा लिया था, जिसके बाद से उनके बारे में कोई जानकारी नहीं थी।





माया के स्वस्थ होने और जीवन रक्षा के लिए प्रार्थना करें

केरल। केरल के अभयारण्य में रहने वाली 18 महीने की हथिनी माया जुलाई में गिरने के बाद से अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पा रही है। आज उसे बेहतर और गहन चिकित्सा उपचार के लिए कोच्चि से एयरलिफ्ट करके वंतारा ले जाया जा रहा है। वह अभी बहुत छोटी है, लेकिन बेहद साहसी है और उसे हम सभी की दुआओं की जरूरत है। कृपया माया के शीघ्र स्वस्थ होने और जीवन रक्षा के लिए प्रार्थना करें। माया एक मादा हाथी का बच्चा है, जिसकी उम्र लगभग 15 महीने है। जन्म के दिन ही उसके झुंड द्वारा छोड़ दिए जाने के बाद उसे कप्रीक्कड़ स्थित अभयारण्य शिविर में लाया गया था। तब से शिविर के देखभालकर्ताओं और वन विभाग के अधिकारियों ने उसका पालन-पोषण किया है।जुलाई 2026 में माया दुर्घटनावश गिर गई, जिसके बाद वह अपने पैरों पर वजन सहन करने में असमर्थ हो गई। लगभग दो महीने तक वह लगातार लेटी रही और अपने आप उठ नहीं सकी। वन विभाग ने उसके इलाज और देखभाल के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों का एक मेडिकल बोर्ड गठित किया।



नौसेना को सौंपा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'अमिनी', बारूदी सुरंगों का लगाएगी पता

हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और सोनार से लैस

नई दिल्ली। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धपोत में से एक 'अमिनी' को गुरुवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। ये पोत भारतीय नौसेना के सबसे बड़े जलज्वारीय युद्धपोतों में से एक हैं, जो अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और सोनार से लैस हैं, जिससे पानी के नीचे के खतरों का प्रभावी ढंग से पता लगाने और उनसे निपटने में सक्षम है।


भारतीय नौसेना को सौंपते अमिनी

80 प्रतिशत स्वदेशी निर्माण

अमिनी का नाम लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश के अमिनी द्वीप से लिया गया है। यह पोत पूर्ववर्ती पेट्या तृतीय श्रेणी के पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस अमिनी की अगली पीढ़ी है, जिसे 2002 में सेवामुक्त कर दिया गया था, इस प्रकार यह विशिष्ट विरासत नामों को बनाए रखने की नौसैनिक परंपरा को जारी रखता है।



तुर्किये की करतूतः एर्दोगन राज में भारत विरोधी ताकतों को दिया मंच

कश्मीर पर हुआ सम्मेलन, पुरानी तस्वीरों से लोगों को 'बरगलाने' का प्रयास किया

आतंकी बुरहान की तस्वीर भी दिखाई, पीओके नरसंहार पर सभी लोग रहे मौन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाने वाले तुर्किये के इस्तांबुल में कश्मीर पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें पाकिस्तान के राजनयिकों, कश्मीर अलगाववादी विचारों से जुड़े प्रतिनिधियों और विदेशी अकादमिक हस्तियों ने हिस्सा लिया।

इस मंच से भारत विरोधी ताकतों ने खूब जहर उगले। सम्मेलन के दौरान दिखाई गई तस्वीरों में आतंकी बुरहान वानी भी शामिल था। इसके अलावा सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी करते लड़कों और लड़कियों की फोटो, वीडियो भी यहां लगाई गई थी। सम्मेलन में कश्मीर को लेकर भारत की नीतियों, कथित मानवाधिकार उल्लंघनों और हिंदुत्व विचारधारा के प्रभाव जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इतना ही नहीं, कश्मीर के मुद्दे को फिलिस्तीन से जोड़कर पेश करने की भी कोशिश की गई।

आयोजन के जरिए कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने का किया प्रयास


इस्तांबुल में कश्मीर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

कश्मीर विवाद पर उगला जहर

पहले सत्र में कश्मीर विवाद का क्षेत्रीय स्थिरता पर असर, शांति और न्याय की संभावनाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र का विषय हिंदुत्व विचारधारा का क्षेत्रीय और वैश्विक प्रभाव रखा गया। इस दौरान कश्मीर और फिलिस्तीन के मुद्दों के बीच समानताएं और अंतर तलाशे गए। तीसरे सत्र में कश्मीर विवाद के अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई। इस आयोजन के जरिए कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने और भारत की नीतियों पर सवाल खड़े करने की कोशिश की गई।

पीओके में हो रही हत्याओं पर साधी चुप्पी: इस आयोजन की खास बात यह रही कि मानवाधिकार की बात करने वाले इन एजेंडेबाज लोगों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सेना की फायरिंग पर चुप्पी साध रखी।

तुर्किये जेनक्लिक वक्फी ने किया आयोजन

सम्मेलन का आयोजन तुर्किये के युवा संगठन 'तुर्किये जेनक्लिक वक्फी' ने अपने मुख्यालय में किया। कार्यक्रम में पाक के इस्तांबुल स्थित कॉन्सुल जनरल ख्वाजा खुर्रम नईम शामिल हुए। वर्ल्ड कश्मीर फ्रीडम मूवमेंट के अध्यक्ष डॉ. मुजम्मिल अय्यूब ठाकुर, इस्लाम एंड ग्लोबल अफेयर्स सेंटर के निदेशक डॉ. सामी अल एरियन और तुर्किये रिसर्च फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ. एनेस बायराकली भी मौजूद रहे। सम्मेलन में तीन सत्र आयोजित किए गए।

पत्रकार ने लगाई फटकार: पत्रकार राजा मुनीब ने लिखा कि एक दशक पुरानी तस्वीरों का इस्तेमाल करके किसी मरे हुए नैरेटिव को जिंदा रखने की कोशिश करना, खुद पाक और उसके प्यादों की हार है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28